प्रमोद सागर

हनुमान सिद्धी

मनोजवं मारूततुल्यवेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्।
वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीरामदूतं शरणं प्रपद्ये॥

हनुमान सिद्धि

संयोजन एवम् प्रस्तुति

प्रमोद सागर

आध्यात्मिक गुरू

◆ ज्योतिष एवम् प्राच्य गुह्य विद्याण्वेषी

◆ भाग्यशाली रत्न सलाहकार

◆ तंत्र-मंत्र-यंत्र विश्लेषक

◆ फेंगशुई एडवाईज़र ◆ पिरामिड विशेषज्ञ

◆ एक्युप्रेशरिस्ट ◆ हस्तरेखाविद्

2212696

प्रकाशक

अमित पाकेट बुक्स

सखुजा मार्किट, नज़दीक चौक अड्डा टांडा,
जालन्धर-8

50/-

© सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन
लिखित अनुमति के बिना इस पुस्तक का कोई भी अंश न छापें तथा सामयिकों में भी प्रकाशित न करें।

रचना : हनुमान सिद्धि

लेखक : प्रमोद सागर

मूल्य : 50 रुपये

मुद्रक : सरताज प्रिंटिंग प्रैस, जालन्धर

टाईप सैटिंग : सनशाईन कम्प्यूटर, जालन्धर।

प्रकाशक :

अमित पाकेट बुक्स

सखुजा मार्किट, नज़दीक चौक अड्डा टांडा,
जालन्धर-8 फोन : 0181-2212696

अपनी बात

॥ॐ हनुमते नमः॥
मनोजवं मारूततुल्यवेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्।
वातात्मजं वानरयूथमुख्यं, श्री रामदूतं शरणं प्रपद्ये॥

स्वामी से बड़ा सेवक और भगवान से कहीं अधिक भक्त की महिमा और प्रभाव होता है। इस तथ्य का सर्वाधिक उपयुक्त उदाहरण भगवान श्री रामचंद्र जी के परम प्रिय भक्त और अनन्य सेवक महावीर हनुमान से बेहतर कहीं नहीं मिल सकता है। कलियुग के देवता के रूप में सर्व पूज्य और शीघ्र ही भक्तों पर प्रसन्न हो जाने वाले बजरंगबली की बुद्धि, चातुर्य, विद्या, अतुलित बल, पराक्रम, शक्ति और सिद्धियों के समक्ष सारा जगत शीश नवाता है।

अजर-अमर, अखण्ड ब्रह्मचारी, पवन पुत्र, रूद्रावतार, अंजनि नंदन इत्यादि विभिन्न नामों से प्रसिद्ध प्रबल वीर और पराक्रमी श्री हनुमान जी की महिमा सर्वविदित है। कलियुग में हनुमान जी सर्वाधिक शक्तिशाली उपास्य देव हैं। ये शक्ति के महासागर और साहस के प्रतीक हैं। आजन्म ब्रह्मचारी श्री हनुमान जी वानर-वंश के होते हुए भी सर्व-समर्थ देव हैं। इन्हें भगवान भोलेनाथ शिवशंकर का ही अंशावतार माना गया है।

श्री हनुमान जी वेद-वेदांग, ज्योतिष, योग, व्याकरण, तंत्र-मंत्र-यंत्र, संगीत, आध्यात्म और मल्लविद्या के आचार्य होने के साथ-साथ राजनीति, कूटनीति और रणनीति में भी कुशल हैं। इस भौतिक संसार में कोई भी ऐसा कार्य नहीं है जिसे हनुमान जी के लिए सहज में ही सम्पादित कर लेना संभव नहीं हो।

मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी के अनन्य सेवक और प्रिय श्री हनुमान जी की श्रद्धापूर्वक साधना उपासना करने से साधक को बुद्धि, विद्या, ज्ञान, बल, यश, वैभव, कीर्ति, ऐश्वर्य, सुख-शांति, धन-सम्पत्ति, लोकप्रियता, निर्भीकता, धैर्य, सुदृढ़ता और वाक्पटुता जैसे अनेकानेक अद्भुत गुणों की प्राप्ति होती है। प्राचीन शास्त्रों तथा वैदिक ग्रन्थों तक में भी पवनसुत हनुमान जी की साधना-उपासना की महत्ता को प्रतिपादित किया गया है।

श्री हनुमान जी भगवान भोलेनाथ की भांति भक्तों पर शीघ्र प्रसन्न हो जाया करते हैं और अपने भक्तों के संकट दूर करने के लिए दौड़े चले आते हैं। इसीलिये ये संकटमोचन कहलाते हैं। प्रस्तुत लघु ग्रन्थ में हनुमान जी की कृपा प्राप्ति के लिए विभिन्न मंत्रों, स्तोत्र, कवच, ध्यान, स्तवन, लहरी, प्रार्थना, चालीसा, साठिका, बजरंग बाण, बीसा तथा अन्यानेक तंत्र-मंत्र प्रयोगों का संकलन किया गया है। आशा है कि हनुमान के उपासकों के लिए यह पुस्तक रामबाण का काम करेगी।

आपके स्नेह-पत्रों का बेसब्री से इंतजार रहेगा।

पोस्ट बॉक्स नं. ❸
गंगापुर सिटी-322201 (राजस्थान)
(07463) 235525

प्रमोद सागर

विषय सूची

कलियुग के देवता श्री हनुमान जी	5
हनुमान जी के जन्म की कहानी	6
श्री पासावली प्रश्न चक्रम्	9
श्री हनुमान सिद्धि हेतु आवश्यक तथ्य	12
सर्व मनोकामना पूरक हनुमान यंत्र	17
श्री हनुमत् ध्यानम्	19
हनुमान जी के चमत्कारिक मंत्र	21
मनोकामना पूरक हनुमान मन्त्र प्रयोग	34
विशिष्ट हनुमत तंत्र प्रयोग	35
सर्वकष्ट निवारक संकटमोचक बजरंग बाण	37
बजरंग बाण	38
अथ श्री हनुमदद्वादशाक्षर मन्त्रम्	39
हनुमदष्टादक्षाक्षर मन्त्र प्रयोग	43
श्री हनुमत स्तोत्र	46
श्री हनुमत् स्तोत्राणि	47
हनुमत् कवच	49
श्री एकामुखी हनुमत् कवचम्	51
श्री पंचमुखी हनुमत् कवचम्	54
श्री हनुमदादिषट् कवच प्रयोग	59
श्री शंत्रुजय हनुमत स्तोत्रम्	60
श्री हनुमान स्तुति	63
श्री हनुमान पंचक	64
दसाक्षरी वीर साधन हनुमान मंत्र प्रयोग	65
श्री संकटमोचन अष्टक	66
ऋण मोचन मंगल स्तोत्र	68
श्रीराम प्रोक्त हनुमत् कवचम्	69
श्री एकादशमुख हनुमद् कवचम्	71
श्री पंचमुखीवीर हनुमत्वकवचम्	73
श्री हनुमान-स्तवन	75
अथ श्री सुन्दर काण्ड	77
श्री हनुमान वंदना स्तोत्र	98
श्री हनुमान नमस्कार स्तोत्र	99
अथ श्री हनुमल्लांगूलास्त्र स्तोत्र	100
अथ श्री हनुमान लहरी	104
श्री हनुमंत बीसा सिद्धि	109
श्री हनुमान चालीसा अनुष्ठानम्	110
श्री हनुमान चालीसा	112
अथ श्री हनुमत् साठिका	114
श्री बजरंग चालीसा	116
आरती श्री हनुमान जी की	118
हनुमान सिद्धि प्राप्त करने का सर्वाधिक प्रभावशाली उपाय पारद शिवलिंग	119
पारदयोगी महाबली लंकेश्वर रावण राज	122
पारद शिवलिंग के अनुभूत प्रयोग	123
पारद शिवलिंग की उपासना विधि	124

कलियुग के देवता श्री हनुमान जी

मनोजवं मारूततुल्यवेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्।
वातात्मजं वानरयूथमुख्यं, श्रीरामदूतं शरणं प्रपद्ये॥
अतुलित बलधामं-हेमशैलाभदेहं दनुजवनकृशानुं ज्ञानिनामग्रगण्यम्।
सकलगुणनिधानं वानरामामधीशं, रघुपति प्रियभक्तं वातजातं नमामि॥
ॐ हं हनुमते रूद्रात्मकाय हुं फट्।

अंजनी गर्भ संभूतो, वायु पुत्रो महाबलम्।
कुमारो ब्रह्मचारी च हनुमान से प्रसिद्धिताम्॥

हनुमान जी ज्ञेता, द्वापर और कलियुग में सदैव श्रद्धा-सम्मान के पात्र रहे हैं। कलियुग में तो उन्हें सर्वसमर्थ, प्रत्यक्ष और आशुतोष देवता के रूप में स्मरण किया जाता है। वे शक्ति के आगार, भक्ति के भंडार, धैर्य के हिमालय और सहनशीलता के समुद्र हैं। विद्वता में वे अद्वितीय हैं। राजनीति, कूटनीति और दूतकला के विशेषज्ञ हैं। संगीत में उनकी गहरी रूचि है। वे ज्योतिष शास्त्र, वेद शास्त्र और व्याकरण के ज्ञाता होने के साथ ही मल्लविद्या में भी पारंगत हैं। परम आस्तिक, वैभव-विलास से बहुत दूर, आजन्म ब्रह्मचारी, रोम-रोम से वैष्णव, श्रीराम के अनन्य भक्त, पर दु:ख-कातर और समस्त आपदाओं का निवारण करने में समर्थ हनुमान जी महान योगी, सिद्ध तंत्रज्ञ तथा ज्ञान-विज्ञान के निधान हैं।

कलियुग में यंत्र-तंत्र भक्तों को दर्शन देते रहना-उनके कालजयी क्षमता के प्रमाण हैं। पूर्ण श्रद्धा, शुचिता, आस्था और तन्मयता के साथ यदि कोई व्यक्ति हनुमान जी का स्मरण, चिंतन, वंदन अथवा पूजन करता है, तो वह अवश्य ही संकट मुक्त हो जाता है।

हनुमान जी के जन्म की कहानी

श्री बाल्मीकि रामायण के अनुसार हनुमान जी के जन्म की कहानी इस प्रकार है:

शचीपति इंद्र की समस्त अप्सराओं में पुंजिकस्थला नाम की अप्सरा अतिशय रूपमती और गुणवती थी। एक बार उन्होंने श्री दुर्वासा ऋषि का उपहास कर दिया। क्रुद्ध-ऋषि ने उसे श्राप देते हुए कहा-''वानरी की भंति चंचला, तू वानरी हो जा।''

ऋषि का भीषण श्राप सुनते ही पुंजिकस्थला भयभीत हो उठी और ऋषि के चरणों में लोटती हुई दया की भीख मांगने लगी। सहज कृपालु ऋषि द्रवित हो उठे : 'मेरा वचन मिथ्या नहीं हो सकता। वानरी तो तुम्हें होना ही होगा। किंतु तुम इच्छानुसार रूप धारण करने में समर्थ रहोगी : अर्थात् तुम जब चाहो वानरी और जब चाहो मानवी वेष में रह सकोगी।'

इस प्रकार ऋषि के श्राप से पुंजिकस्थला ने कपि योनि में वानर राज महामनस्वरी कुंजर की कामरूपिणी कन्या के रूप में पृथ्वी पर जन्म लिया। वहीं कुंजर पुत्री कपिश्रेष्ठ केसरी की भार्या हो कर 'अंजना' नाम से विख्यात हुई। कपिराज केसरी माल्यवान पर्वत पर शासन करते थे। एक दिन वह गोकर्ण पर्वत पर गये। पश्चिमी समुद्र की ओर से मलावार पर्वत के निकट स्थित वह गोकर्ण पर्वत बड़ा ही पावन और रमणीक तीर्थ स्थल था। वहां तप में लगे ऋषियों को शंबसादन नामक एक दैत्य अपार यंत्रणाएं देता था। देवर्षियों की आज्ञा से उन्होंने शंबसादन का संहार किया और उनसे संतान सुख की प्राप्ति का वर पाया था। समस्त सुविधाओं से सम्पन्न इसी सुंदर पर्वत पर अंजना अपने पतिदेव के साथ सुखपूर्वक निवास करती थी। सुखपूर्वक बहुत दिन बीत गये, पर उनके कोई संतान नहीं हुई।

स्कंद पुराण (वैष्णव खंड) के अनुसार, दुखी अंजना महामुनि मतंग के निकट जाकर कातर स्वर में कहने लगी : 'मुनीश्वर! मेरा कोई पुत्र नहीं है। आप कृप्या मुझे पुत्र प्राप्ति का कोई उपाय बताकर अनुगृहीत कीजिए।' तपोधन मतंग मुनि ने अंजना से कहा : 'तुम सीधे वृषभांचल (वेंकटाचल) पर जाकर वहां के पुष्करिणी तीर्थ में स्नान कर, भगवान बेंकटेश्वर के मुक्तिदायक श्री चरणों में अपना प्रणाम निवेदित करो। पुनः वहां से कुछ ही दूरी पर स्थित आकाश गंगा नाम तीर्थ पर जाकर तप करो और उसका परम पावन जल पी कर वायु देव को प्रसन्न करो। ऐसा करने से तुम्हें देव, दानव और मनुष्य से अजेय तथा अस्त्र-शस्त्रादि से भी अवैध्य अनुपम पुत्र प्राप्त होगा।'

देवी अंजना ने, महामुनि के आदेशानुसार, वृषभाचल की पुष्करिणी में स्नान

कर, वेंकट और वराह भगवान् के श्री चरणों की अनन्य आंतरिक भक्ति के साथ, वंदना की। तदनंतर उन्होंने आकाश गंगा तीर्थ में स्नान कर उसके जल का पान किया। फिर वह उसके तट पर तीर्थ की ओर अभिमुख होकर अत्यन्त श्रद्धा, विश्वास एवं धैर्यपूर्वक तपोरत रही और कायिल क्लेशों की किंचित भी चिंता न कर अखंड तप करती रही।

भगवान् भास्कर मेष राशि पर थे। चित्रा नक्षत्रयुक्त पूर्णिमा तिथि थी। अंजना के कठिन तपश्चरण से तुष्ट पवन देव ने प्रकट होकर अंजना से कहा – 'देवी! मैं तुम्हारे तप से प्रसन्न हूँ। तुम इच्छित वर मांगो, मैं अवश्य प्रदान करूँगा।' पवन देव के प्रत्यक्ष दिव्य दर्शन प्राप्त कर प्रफुल्वमना अंजना उनके श्री चरणों में अपने प्रणाम निवेदित कर विनीत स्वर में बोली : 'महाभाग! मुझे उत्तम पुत्र प्रदान करने का अनुग्रह कीजिए।' प्रसन्न पवन देव ने कहा : 'सुमुखि! चैत की पूनो के दिन मैं ही तुम्हारा पुत्र बन कर तुम्हें जगत में प्रसिद्ध कर दूंगा।'

मनोवांछित वर प्राप्त कर अंजना देवी की प्रसन्नता का कोई पारावर नहीं रहा। अपनी प्राणप्रिया की वर प्राप्ति का संवाद प्राप्त कर कपिराज केसरी भी परम प्रमुदित हुए।

एक दिन परम लावण्यवती, विशाल लोचना माता अंजना ने दिव्य श्रृंगार किया। उनके मनोरम शरीर पर पीतवर्णी साड़ी अत्यंत शोभायमान थी। साड़ी का किनारा लाल रंग का था। वह विविध सुरभित सुमनों के अनुपम आभूषणों से, साक्षात् लौकिक सौंदर्य का विमल विग्रह प्रतीत हो रही थी।

पर्वत शिखर पर खड़ी माता अंजना प्राकृतिक सुषमा का अवलोकन कर मन ही मन मुदित हो रही थी कि सहसा उनके मन-प्राणों में कामना उदित हुई। 'कितना अच्छा होता, यदि मेरा एक सुयोग्य पुत्र होता।' अचानक वायु का तीव्र झोंका आया और अंजना की साड़ी का आंचल कुछ खिसक गया। उनके अंग अनावृत्त हो गये। सहमती हुई सती अंजना ने अपना वस्त्र संभाला और कुपित स्वर में बोल उठी : 'कौन दुरात्मा मेरे पातिव्रत्य पर प्रहार करना चाह रहा है ?' वह श्राप देने के उद्यत हो उठी।

सती साध्वी अंजना को कुपित देख कर तत्क्षण पवन देव प्रकट हो गये और कहा : सुश्रोणि! मैं तुम्हारे पातिव्रत्य को विक्षत नहीं कर रहा हूँ। अतः तुम्हारा भय व्यर्थ है। मैंने अव्यक्त रूप से तुम्हारा आलिंगन करके मानसिक संकल्प के द्वारा तुम्हें बल-पराक्रम से विभूषित कर विलक्षण विवेकशील पारक्रमी पुत्र प्रदान किया है। हे कमलाक्षी! मैंने तुम्हारे साथ केवल हृदय संगम किया है, जिससे तुम्हारा शील खंडित न हो। तुम्हारा पुत्र महान, धैर्यवान, महातेजस्वी, महाबली, महापराक्रमी तथा लांघने और छलांग मारने में मेरे ही सदृश होगा।

अञ्जनाया वचः श्रुत्वा मारुतः प्रत्यभाषत।
न त्वां हिंसामि सुश्रेणि मा भूत ते मनसो भयम्॥
मनसारिम गतो यत् त्वां परिष्वज्य यशस्विनि।
वीर्यान् बुद्धिसम्पन्नस्तव पुत्रो भविष्यति॥
महासत्त्वो महातेजा महाबलपराक्रमः।
लङ्गनेप्लवने चैव भविष्यति मया समः॥

माता अंजना प्रसन्न हो गयी और उन्होंने पवन देव को क्षमा कर दिया। वायु देव की विमल कृपा से अंजना गर्भवती हुई और एक गुफा में श्री हनुमान जी को जन्म दिया।

कल्प भेद से कुछ लोक कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को भी हनुमान जी का अवतरण मानतें हैं। परन्तु बाल्मीकि रामायण, अध्यात्म रामायण आदि ग्रंथों में लिखा है कि भगवान शिव के ग्यारहवें अवतार चैत्र शुक्ल पूर्णिमा मंगलवार को श्री हनुमान जी पृथ्वी पर अवतरित हुए।

भगवान शिव के ग्यारहवें रुद्रावतार, मारुतात्मज, केसर नंदन, अंजना पुत्र के पृथ्वी पर चरण रखते ही प्रकृति में ऋतु परिवर्तन हो गया। सर्वत्र रम्यता विराजने लगी। दिशाएं प्रसन्न हो गयी। सूर्य देव की किरणों में अवर्णनीय स्निग्धता और मृदुता भर गयी। सरिताओं में स्वच्छ सलिल बहने लगा। पर्वत उत्सुक आंखों से आंजनेय के आगमन की प्रतीक्षा कर रहे थे। प्रमुदित प्रपात क्रीड़ारत हो उछल-कूद कर रहे थे। वन-उपवनों और बाग-वाटिकाओं में विविध वर्ण के मनोहर पुष्प खिल उठे थे। उन पर भौंरे गुंजार कर रहे थे। मंद सुगंध वायु मंथर गति से डोल रही थी।

श्री पासावली प्रश्न चक्रम्

(महावीर प्रश्नावली)

यह पासावली प्रश्न चक्रम महर्षि गर्गाचार्य द्वारा रचित है। यह एक मूक प्रश्न पासावली है, जिसके द्वारा प्रश्न का भाव क्या सोचा गया है तथा उसका प्रश्न फल कैसा घटित होगा ? इस बात की तत्क्षण जानकारी हो जाती है। यह एक चमत्कारी प्रश्नफल विधि है।

विधि-प्रश्नकर्त्ता को चाहिए कि सर्वप्रथम पासावली पर कुछ पुष्प तथा दक्षिणा समर्पित करके इसे प्रणाम करे। तत्पश्चात् पूजन वाली एक छोटी सुपारी हाथ में लेकर निम्नांकित मंत्र को इक्कीस दफा जाप करके सुपारी को अभिमंत्रित करें और आँखें बंद करके उस सुपारी को पासावली पर डाल दें। जिस चक्र में सुपारी पड़े उसके अनुसार फल समझ लेना चाहिए।

मंत्र-ॐ नमो भगवती कूष्माण्डणी सर्व कार्य प्रसाधिनी सर्वनिमित प्रकाशिनी ऐहि-ऐहि वरं देहि वरं देहि हलि-हिल मातंगिनी सत्यं ब्रूहि सत्यं ब्रूहि स्वाहा।

१११	११२	११३	११४	१२१	१२२	१२३	१२४
१३१	१३२	१३३	१३४	१४१	१४२	१४३	१४४
२११	२१२	२१३	२१४	२२१	२२२	२२३	२२४
२३१	२३२	२३३	२३४	२४१	२४२	२४३	२४४
३११	३१२	३१३	३१४	३२१	३२२	३२३	३२४
३३१	३३२	३३३	३३४	३४१	३४२	३४३	३४४
४११	४१२	४१३	४१४	४२१	४२२	४२३	४२४
४३१	४३२	४३३	४३४	४४१	४४२	४४३	४४४

श्री महादेव नमस्कृत्यं केवल ज्ञान भास्करम्।
वक्षे सद्गुरूणां दुष्टं ज्ञेयं येन शुभाशुभम्॥

॥ अथ प्रश्न फल कथनम् ॥

111. उत्तम। तुम्हारा शकुन शुभ है। कार्य सिद्धि होगा। व्यापार में लाभ।
112. मध्यम। इस कार्य के करने में लाभ नहीं है।
113. उत्तम। चिंता दूर होगीं। कल्याण होगा।

114. उत्तम। कुल की वृद्धि और लाभ होगा।

121. मध्यम। सम्मान-प्राप्ति। कुछ चिंता होगी। श्री रामेश्वर की पूजा करें।

122. उत्तम। घर में लाभ। मनोकामना पूर्ण।

123. उत्तम। कार्य सिद्धि। कुटुंब की वृद्धि और स्त्री तथा धन लाभ।

124. उत्तम। धन-संतान की प्राप्ति। व्यापार में लाभ। शनिश्चर देव की पूजा करें।

131. उत्तम। सब बातें भली होगी। राज्य का काम मिलेगा। खोयी वस्तु मिलेगी।

132. उत्तम। जो कार्य सोचा है, पूरा होगा। चिंताएं दूर होगी।

133. मध्यम। धन की हानि। सोमवार को शिवजी की पूजा करें।

134. उत्तम। घर में लाभ। शासन से मनोवांछित फल मिलेगा।

141. उत्तम। घर में लाभ। कपड़े के व्यापार में अति लाभ। दु:ख दूर होंगे।

142. उत्तम। भाई-बन्धु, मित्रों से मिलाप। चिंताएँ मिटेगी।

143. उत्तम। मनोकामना सिद्ध होगी। धन-धान्य की चिंता दूर होगी। कल्याण और पुत्र लाभ। गांव जाने का स्वप्न दिखे तो अति उत्तम है।

144. उत्तम। सकल कामना सिद्ध होगी। स्वप्न में देवी के दर्शन हों तो शुभ है।

211. उत्तम। अर्थ सिद्धि और कुल में वृद्धि। सारे मनोरथ सिद्ध।

213. मध्यम। मन में स्त्री अथवा धन की चिंता है। सोलह मास के अंत में फल मिलेगा।

214. उत्तम। कल्याण होगा और गयी वस्तु मिलेगी। धन-धान्य की चिंता दूर होगी।

221. उत्तम। तीन वर्ष से चिंता अथवा दु:ख व क्लेश है। वह दूर होगा।

222. मध्यम। घर में विरोधी की स्थिति है। स्त्री से प्रीति कम है। मित्रों से बोलचाल नहीं है, जिससे क्लेश है। श्री भगवान की पूजा करें।

223. मध्यम। मन में चिंता है। लाभ नहीं होता। घर में क्लेश रहता है। कुछ दिन में लाभ होगा।

224. पराये घर की फिक्र है। नव ग्रहों की पूजा करें।

231. उत्तम। सुख और लाभ होगा। एक महीने के अंत में फल मिलेगा।

232. मध्यम। इस काम को न करें। डर है, सुख न मिलेगा। घर में विरोध है और व्यापार में लाभ नहीं है।

233. मध्यम। इस काम के करने से चिंता होगी। कुछ और काम करें।

234. सामान्य है। घर में विरोध रहता है और कुटम्ब में एका नहीं है। डरें नहीं, सब दु:ख दूर हो जाएंगे।

241. उत्तम। घर में सुख होगा। कामना सिद्ध होगी।
242. मध्यम। व्यापार में लाभ। सूर्य का व्रत करें, शरीर सुख मिलेगा।
243. उत्तम। व्यापार में लाभ। मन का संदेह दूर होगा।
244. उत्तम। सुख लाभ। चिंताएं दूर होंगी।
311. उत्तम। अच्छे स्थान से लाभ। मनोकामना पूर्ण होगी।
312. उत्तम। मनोकामना सफल होगी। धन-धान्य का लाभ। स्वप्न में गज, अश्व दिखें तो मांगलिक लाभ।
313. सामान्य। धन की इच्छा है, परन्तु बैरी बहुत हैं। चिंता दूर होगी। शकुन सामान्य है।
314. उत्तम। कल्याण होगा। अर्थ प्राप्त होगा। श्री गणेश की पूजा करें।
321. मध्यम। घर में लाभ। व्यापार में लाभ होगा।
322. मध्यम। धन का नाश होगा।
323. अर्थ लाभ, सौभाग्य मिलेगा। शत्रु नाश।
324. उत्तम। कृषि व्यापार में बहुत लाभ। मनोकामना पूर्ण होगी। हनुमानजी का पूजन करें।
331. उत्तम। चिंताएं दूर होंगी। लक्ष्मी की प्राप्ति होगी। कार्य सिद्ध होगा।
332. मनोरथ सिद्ध होंगे। चिंता न करें।
333. उत्तम। काम शुभ होंगे। चिंताएँ मिटेंगी। भाई-बन्धु, मित्र से मिलाप होगा।
334. उत्तम। व्यापार में लाभ। मनोरथ सिद्ध होंगे।
341. उत्तम। सब कार्य सिद्ध होंगे। धैर्य धरें।
342. उत्तम। घर में प्रीति बढ़ेगी और अति लाभ होगा। मनोकामना फलेगी।
343. मध्यम। बैरी बहुत हैं। जो काम विचारा है, सो बनेगा, पर इस काम में लाभ नहीं है।
344. उत्तम। बहुत लाभ होगा। मित्र-बन्धु से मिलाप होगा।
411. उत्तम। मनोरथ सिद्ध होगा। धन-धान्य का लाभ भी।
412. चिंताएं कुछ दिन से मिट जाएंगी। आपकी वस्तु दूसरे के हाथ में है। धैर्य धरें।
413. उत्तम। चिंता मिटेगी। धन-उपार्जन अर्थात् व्यापार करें।
414. उत्तम। कुछ चिंताएँ जो शीघ्र दूर होंगी। व्यापार में सुख लाभ। मनोरथ फलेगा।
421. उत्तम। मन में परदेश जाने की इच्छा है। मनोरथ सिद्ध होगा।

422. मध्यम। मन में चिंता है। पूजन करें। चिंता, रोग दूर होंगे।

423. उत्तम। घर में लाभ बैरी का नाश। सुख-सम्पत्ति मिलेगी। कुटुम्ब में फल पुत्र का लाभ, परन्तु क दीप-दीपक देवता के मंदिर में जलाएं।

424. मध्यम। घर में चिंता है, दूर होगी। मनोकामना सिद्ध होगी।

431. उत्तम। लाभ होगा, किसी स्थान की प्राप्ति होगी। मनोरथ सिद्ध होंगे।

432. उत्तम। लाभ है। चिंता दूर होगी। धन-धान्य का लाभ और सुख होगा। परदेश जाएं तो सम्मान पाएंगे।

433. मध्यम। मन में चिंता है। शंका न करें। सुख होगा।

434. उत्तम। शरीर में क्लेश है अथवा भाई-बन्धु से मेल नहीं है। मनोकामना पूर्ण होगी।

441. उत्तम फल प्राप्ति होगी। कोई उपाय करें। मनोरथ सिद्ध होगा।

442. मध्यम। इस काम के करने से सुख न मिलेगा। शिवजी के मंदिर में एक दीपक का प्रकाश करें।

443. मध्यम। यह काम अशुभ है। इसमें चिंता होगी और काम बिगड़ेगा। नवग्रह पूजन से कल्याण होगा। शकुन मध्यम है।

444. उत्तम। व्यापार में लाभ। मन में कुछ चिंता होगी। कुछ दिन बाद सकल कामना सिद्ध होगी। श्रीराम नाम की गोली बनाकर जल में डालें अथवा जीवों को चुगाएं। सुखदायी फल मिलेगा।

श्री हनुमान सिद्धि हेतु आवश्यक तथ्य

जन-मानस में आंतियाँ फैली हुई हैं, कि हनुमान से संबंधित साधनाओं को प्रातः के 'सवा प्रहर' नहीं करना चाहिए। जबकि ऐसा किसी भी शास्त्र या पुराण में नहीं लिखा है, यह तो मात्र लोगों के मन में एक भ्रामक प्रस्तुति उपस्थित की है, जिससे वे इसे क्लिष्ट मान लें, जबकि हनुमान तो अत्यधिक नम्र और सरल स्वभाव के देव हैं।

श्री हनुमान पवन देव के पुत्र तथा रुद्रावतार माने गये हैं। इनके जन्म के समय ही अनेक देवों ने इन्हें वरदान लेकर अजर-अमर बना दिया था। अखण्ड ब्रह्मचर्य के पालन के कारण ही ये सर्वाधिक पूज्य माने जाते हैं। हनुमान जी साधना अगर भक्ति, श्रद्धा, समर्पण एवं संलग्नता से की जाये, तो उनकी कृपा अवश्य प्राप्त होती है तथा उनके जैसी ही भक्ति, अखण्डता, अडिंगता, सौम्यता और बल प्राप्त होता है।

हनुमत् सिद्धि की विशेष बात यह है कि इनका पूजन विधान जिस विधि से

आरम्भ हो, चाहे वह पंचोपचार हो या षोडशोपचार, उसी विधि से समाप्त करना चाहिए, क्योंकि अधिकांश साधक समयानुसार पूजन विधान को छोटा या बड़ा कर लेते हैं।

साधक को पूर्ण एकाग्रता से सिद्धि सम्पन्न करनी चाहिए।

श्री हनुमान के प्रिय दिवस तो मंगल और शनि माने गये हैं। इन दिनों में इनकी सिद्धि करनी चाहिए। ये दिन इन्हें अत्यन्त प्रिय हैं और ग्रहणकाल में सिद्धि करने से साधक को सामान्य फल से सौ गुना फल अधिक मिलता है।

हनुमान जी की सिद्धि करते समय पवित्रता और सात्विकता का विशेष ध्यान देना अनिवार्य है। मांस, मदिरा, अंडे तामसी भोजन आदि का सर्वधा त्याग करना चाहिये। सात्विक वातावरण में स्वच्छ वस्त्र पहनकर एकांत में मंत्रों की साधना करनी चाहिये-क्रोध, द्वेष, हिंसा, आदि का इन दिनों त्याग करके शान्ति, सहयोग एवं प्रेम का वातावरम रखना चाहिये। अनुष्ठान की समाप्ति तक एक समय भोजन करना चाहिये। जप दोनों कालों प्रातः एवं सायं किया जा सकता है। शारीरिक एवं मानसिक शुद्धता रखनी आवश्यक है।

- हनुमान सिद्धि में विशेषतः प्रत्येक वस्तु की शुद्धता तथा स्वयं साधक की अन्तः तथा बाह्य शुद्धि अपेक्षित है।
- इस सिद्धि में प्रयुक्त होने वाला नैवेद्य आदि शुद्ध घी में बना होना चाहिए।
- तिल के तेल में सिन्दूर मिला कर हनुमत् विग्रह (मूर्ति) पर चोला चढ़ाना चाहि।
- हनुमान जी को रक्त चन्दन या केसर के साथ घिसा हुआ श्वेत चन्दन भी लगाने का प्रावधान है।
- लाल तथा पीले पुष्पों को हनुमत्पूजा में चढ़ायें, बड़े पुष्पों में कमल, सूर्यमुखी तथा हजारा पुष्पों को भी चढ़ाने का शास्त्रीय विधान है।
- हनुमान सिद्धि में मूर्ति को नैवेद्य-
- प्रातः गुड़ एवं नारियल का गोला,
- मध्याहून-गुड़, घी, गेहूँ की रोटी का चूरमा
- रात्रि-आम, अमरूद एवं केला समर्पित करना चाहिए।
- हनुमान आरती में देशी घी का दीपक 'एक बत्ती', 'पांच बत्ती' या 'सात बत्ती' का लगाना चाहिए।
- हनुमत् सिद्धि के दिनों में ब्रह्मचर्य व्रत का पालन नितांत आवश्यक होता है, जो साधना की मुख्य धुरी है।
- इन दिनों में नैवेद्य के रूप में हनुमत् मूर्ति को भोग लगाते हुए नैवेद्य को ही भोजन के रूप में ग्रहण करना चाहिए।

- हनुमान सिद्धि में हनुमान विग्रह को एकटक देखते हुए मंत्र जप करना चाहिए।
- इस सिद्धि में मंत्र जप बोलकर करना चाहि, जिसका उच्चारण स्पष्ट एवं श्रव्य हो। सात्विक तथा श्रद्धाभाव से युक्त स्त्रियाँ भी हनुमान सिद्धि कर सकती हैं।
- हनुमान सिद्धि स्वकल्याण या लोक कल्याण की भावना से करनी चाहिए, जिससे सिद्धि में शीघ्र सफलता मिल सके।
- दूसरे का अनिष्ट या अपकार करने के लिए हनुमान सिद्धि बिल्कुल नहीं करना चाहिए। इससे स्वयं की हानि होने की संभावना रहती है, क्योंकि हनुमान कल्याणकारी देव माने जाते हैं।
- हनुमान सिद्धि के लिए 'मूंगे की माला' का प्रयोग करना चाहिए।
- हनुमान सिद्धि में लाल आसन पर बैठें, लाल धोती एवं लाल चादर का प्रयोग करें। तेल का दीपक तथा अगरबत्ती या धूप पूरे सिद्धि काल में जलते रहने चाहिए।
- हनुमान सिद्धि दास्य भाव से करनी चाहिए, इससे वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं।
- हनुमत् सिद्धि में एक समय ही भोजन करें, सूर्यास्त के बाद पूजन आदि करके भोजन करें। इस भोजन में यदि नमक का सेवन न करें, तो अच्छा रहेगा।
- हनुमत् सिद्धि दक्षिम या पूर्व दिशा की ओर मुंह करके सम्पन्न करनी चाहिए।
- सिद्धि के दिनों में सात्विक भाव बनाये रखें, व्यर्थ के बाद-विवाद से बचना चाहि। असात्विक या तामसिक व्यक्तियों के सम्पर्क से दूर रहने का यथासंभव प्रयास करना चाहिए।
- हनुमान सिद्धि मंगल या शनिवार को करनी चाहिए, आवश्यकता होने पर अन्य शुभ तिथियों या विशेष दिनों में भी सिद्धि कर सकते हैं।
- हनुमान सिद्धि के लिये रक्त चन्दन की मूर्ति या 'हनुमान यंत्र' अत्युत्तम माना जाता है। प्राण-प्रतिष्ठित रक्त चन्दन की मूर्ति या यंत्र प्राप्त कर पूजा में प्रयुक्त करें।

यंत्र-पूजन

साधक पूर्व या उत्तराभिमुख हो लाल आसन पर बैठें, लाल धोती पहन कर ऊपर लाल उत्तरीय या गुरु वस्त्र ओढ़ लें, अपने सामने छोटी चौकी पर लाल वस्त्र बिछा दें, तांबे या स्टील की प्लेट पर यंत्र स्थापित करें और षोडशोपचार पूजन के बाद यंत्र पूजन आरम्भ करें-

विनियोग

दायें हाथ में जल लेकर निम्न संदर्भ का उच्चारण करें-

ॐ अस्य हनुमत् मन्त्रस्य ईश्वर ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, हनुमान देवता, हुं बीजम्, स्वाहा शक्तिः सकलाभीष्ट सिद्धये जपे विनियोगः।

ऋष्यादि न्यास

निम्न संदर्भों का उच्चारण करते हुए दाहिने हाथ से निर्दिष्ट अंगों को स्पर्श करें-

ॐ ईश्वर ऋषये नमः शिरसि।
अनुष्टुप् छन्दसे नमः मुखे।
हनुमान देवताये नमः हृदि।
हुं बीजाय नमः गुह्ये।
स्वाहा शक्तये: नमः पादयोः।
विनियोगाय नमः सर्वांगे।

करन्यास

ह्रां अंगुष्ठाभ्यां नमः।
ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः।
ह्रूं मध्यमाभ्यां नमः।
ह्रैं अनामिकाभ्यां नमः।
ह्रौं कनिष्ठिकाभ्यां नमः।
ह्रः करतल कर पृष्ठाभ्यां नमः।

अंग न्यास

ह्रां हृदयाय नमः।
ह्री शिरसे स्वाहा।
ह्रूं शिखायै वौषट्।
ह्रैं कवचाय हुम्।
ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्।
ह्रः अस्त्राय फट्।

वर्ण व्यास

अं आं इं ईं उं ऊं ऋं लृं लृं नमः।

एं ऐं ओं औं अं अः कं खं गं घं ङं नमः।
चं छं जं झं ञं टं ठं डं ढं मं नमः।
तं थं दं धं नं पं फं बं भं मं नमः।
यं रं लं वं शं षं सं हं क्षं नमः।

ध्यान

दोनों हाथ जोड़ कर ध्यान करें-

ॐ दहन तप्त सुवर्ण समप्रभं,
भयहरं हृदये विहितांजलिम्।
श्रवण कुण्डलशोभिमुखांबुजे, नमत वानरराजमिहाद्भुतम्॥

इसके पश्चात् लाल हकीक माला या मूंगा माल से एक माला मूल मंत्र का जाप करें-

ॐ ह्रीं हस्फ्रें ख्फ्रें हश्ख्फ्रें हसौः ॐ॥

हनुमान दीनों का क्लेश करने के लिए सदैव उद्यत रहते हैं, सर्वकाम पूरक हैं, संकट रूपी प्रलय घटा को विदीर्ण करने वाले और सर्वव्यापी हैं, ऐसे देव की साधना उपासना करना ही सर्वश्रेष्ठ की प्राप्ति है।

सर्व मनोकामना पूरक हनुमान यंत्र

हनुमान जी शक्ति के आगार हैं, भक्ति के भंडार हैं, धैर्य के हिमालय हैं और सहनशीलता के समुद्र हैं। विद्वता में वो अद्वितीय हैं। राजनीति, कूटनीति और दूतकला के विशेषज्ञ हैं। समस्त प्रकार की आपदाओं का निवारण करने में समर्थ हनुमान जी महान योगी, सिद्ध-तंत्रज्ञ और ज्ञान-विज्ञान के निधान हैं। त्रेतायुग में प्रदर्शित उनका शौर्य-पराक्रम आज भी विख्यात है।



(श्री हनुमान यन्त्र)

श्री हनुमान यंत्र-यह यंत्र हनुमान जी का विशिष्ट यंत्र है। इस यंत्र का विधिवत् पूजन प्राण प्रतिष्ठादि करके अपने पास रखने से समस्त प्रकार की बाधाओं तथा शत्रुओं का नाश होता है तथा हनुमान जी की कृपा प्राप्त होती है।

सर्व सिद्धिदायक हनुमान मंत्र

यह मंत्र समस्त प्रकार के कार्यों की सिद्धि के लिए प्रयोग किया जाता है। मंत्र सिद्ध करने के लिए हनुमान जी के मंदिर में जाकर हनुमान जी की पंचोपचार पूजा करें और शुद्ध घृत का दीपक जलाकर भीगी हुई चने की दाल और गुड़ का प्रसाद लगाकर निम्न मंत्र का जप करें। कार्य सिद्धि के लिए एक माला का जप प्रतिदिन 11 दिन तक करे और अंत में दशमांश हवन करें।

ओम् नमो हनुमते सर्वग्रहान् भूत भविष्यद्वर्तमानान् दूरस्थ समीपस्यान् छिंधि छिंधि भिंधि भिंधि सर्वकाल दुष्ट टबुद्धानुच्चाट्योच्चाट्य परबलान् क्षोभय क्षोभय मम सर्वकार्याणि साधय साधय। ओम् नमो हनुमते ओम् ह्रां ह्रीं ह्रूं फट्। देहि ओम् शिव सिद्धि ओम् ह्रां ओम् ह्रीं ओम् ह्रूं ओम् ह्रः स्वाहा।

श्री हनुमत् ध्यानम्

रामेष्टमित्रं जगदेकवीरं
प्लवंगराजेन्द्रकृत प्रणामम्।
सुमेरू शृंगागमचिन्त्यामाद्यं
हृदि स्मेरहं हनुमंतमीड्यम्॥

महावीर मन्त्र

हनुमान जी का ध्यान करके इस मन्त्र का 22 हजार बार जप करके केले और आम के फलों से हवन करें। हवन करके 22 ब्रह्मचारियों को भोजन करा दें। इससे भगवान महावीर प्रसन्नतापूर्वक सिद्धि देते हैं।

'ॐ ह्रौं हस्फ्रें ख्फ्रें हस्त्रौं हस्ख्फ्रें हसौं हनुमते नमः।'

हनुमन्मन्त्र (उदररोग नाशक मन्त्र)

इस मन्त्र को प्रतिदिन 11 बार पढ़ने से सब तरह के पेट के रोग शंत हो जाते हैं।

'ॐ यो यो हनुमंत फलफलित
धगधगित आयुराषः परूडाह।'

हनुमान्माला मन्त्र

श्री हनुमान जी के सम्मुख इस मन्त्र के 51 पाठ करे और भोज पत्र पर इस मन्त्र को लिखकर पास में रखले तो सर्व कार्यों में सिद्धि मिलती है।

'ॐ वज्र काय वज्रतुण्ड कपिल पिंगल ऊर्ध्वकेश महाबल रक्तमुख तडिज्जह्व महारौद्र दंष्ट्रोत्कट कहहकरालिने महादृढ़प्रहारिन लंकेश्वरवधाय महासेतुबंध महाशैलप्रवाह गगनचर एह्येहिं भगवन्महाबल पराक्रम भैरवाज्ञापय ऐह्येहि महारौद्र दीर्घपुच्छेन वेष्टय वैरिणं भंजय भंजय हुँ फट्॥'

हनुमद् मन्त्र

इस मन्त्र का नित्य प्रति 108 बार जप करने से सिद्धि मिलती है।

'ॐ एं ह्रीं हनुमते रामदूताय
लंका विध्वंसनपायांनीगर्भसंभूताय
शाकिनी डाकिनी विध्वंसनाय
किलि किलि बुवुकरेण विभीषणाय
हनुमद्देवाय ॐ ह्रीं श्रीं ह्रौं ह्रां फट् स्वाहा।'

हनुमद् उपासना मन्त्र

इस मन्त्र का पाठ ब्रह्मचर्य व्रत धारण करके करना चाहिए। अष्टगंध से 'ॐ हनुमते नमः' ये लिखकर हनुमान जी को सिन्दूर और चमेली का शुद्ध तेल केशर और लाल चन्दन का गंध लगायें। कमल, केवड़ा और सूर्यमुखी के फूलों को पूजन करें। इस प्रकार देवशयनी एकादशी से देवोत्थानी एकादशी एक नित्य पूजन करें। तुलसी पत्र पर 'राम-राम' लिखकर भी चढ़ायें। इस प्रयोग से हनुमान जी प्रसन्न होकर अभीष्ट सिद्धि प्रदान करेंगे।

ॐ श्री गुरुवे नमः

'ॐ जेते हनुमंत रामदूत चलो वेग चलो लोहे का गदा, वज्र का लंगोट, पान का बीड़ा, तले सिंदूर की पूजा, हंहकार पवनपुत्र कालंचचक्रहस्त कुबेरखिलुं मरामसान खिलुं भैरव खिलुं अक्षखिलुं वक्षखिलुं मेरे पे करे घाव छाती फट् फट् मर जाये देव चल पृथ्वीखिलुं साडे वारे जात की बात को खिलुं मेघ को खिलुं नव कौड़ी नाग को खिलुं येहि येहि आगच्छ आगच्छ शत्रुमुख बंधना खिलुं सर्व-मुखबंधनाम् खिलुं काकणी कामानी मुखग्रह-बंधना खिलुं कुरू कुरू स्वाहा।'

हनुमान जी के चमत्कारिक मंत्र

1. ॐ नमो हनुमते पाहि पाहि एहि एहि सर्वग्रहभूतानां डाकिनी शाकिनीनां सर्वविषयान आकर्षय आकर्षय मर्दय मर्दय छेदय छेदय अपमृत्यु प्रभूतमृत्यु पशोषय शोषय ज्वल प्रज्वल भूतमंडलपिशाचमंडल निरसनाय भूतज्वर प्रेतज्वर चातुर्थिकज्वर माहेश्वरज्वर छिंधि छिंधि भिन्दि भिन्दि अक्षि शूल कक्षि शलू शिरोभ्यंत रशूल गुल्म शूल पित्त शूल ब्रह्मराक्षतं कुलप्रबल नागकुलविषं निर्विषं कुरु कुरु फट् स्वाहा।

2. ॐ हौं हस्फ्रें हरुफैं हस्त्रौं हस्ख्रें हसौं हनुमते नमः।

इस मंत्र को 21 दिनों तक बारह हजार जप प्रतिदिन करें फिर दही, दूध ओर घी मिलाते हुये धान का दशांश आहुति दें। यह मन्त्र सिद्ध होकर पूर्ण सफलता देता है।

3. ॐ दक्षिणमुखाय पञ्चमुखहनुमते कराल वदनाय नरसिंहाय, ॐ ह्रां ह्रीं ह्रं हैं हौं ह सकल भूत प्रेतदमनाय स्वाहा।

इस मंत्र की जपसंख्या 10 हजार है, जप पश्चात हवन अजगंध से करना चाहिये।

4. ॐ हरिमर्कट मर्कट वामकरे परिमुंचतिमुंचति श्रंखलिकाम्।

इस मंत्र का जाप एक सौ आठ बार 21 दिनों तक प्रतिदिन करने से सिद्धि प्राप्त होती है एवं कैद में पड़ा मनुष्य कैद से छूट जाता है।

5. ॐ ऐं श्रीं हीं ह् हस्फ्र हख्रें हस्त्रौं हख्रें हसौं।

यह 11 अक्षरों वाला मंत्र अति फलदायी है इसे 11 हजार की संख्या में प्रतिदिन जपना चाहिए।

6. ॐ यीं यों हनुमन्त फलफलितधन्यधागित आयुराप परुडार ॐ।

प्रत्येक मंगलवार को व्रत रखकर इस मंत्र का 25 माला जाप करने से 25 मंगलवार में यह मंत्र सिद्ध हो जाता है। इस मंत्र के द्वारा पीलिया रोग को झाड़ा जा सकता है।

7. ॐ नमो भगवते आञ्जनेयाय महाबलाय स्वाहा।

इस मंत्र को 18 हजार की संख्या में प्रतिदिन जाप किया जाये एवं 18 दिन में अनुष्ठान पूर्ण किया जाये।

8. ॐ ह्रां ह्रीं फट् देहि ॐ शिवं सिद्धि ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं स्वाहा।

9. ॐ ह्रां सर्वदुष्ट ग्रह निवारणाय स्वाहा।

10. हं पवननन्दाय स्वाहा।

यह दशाक्षरी मंत्र समस्त मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला है, इसकी जप संख्या एक लाख है।

11. ॐ हं हनुमते रुद्रान्यकाय हूँ फट्।

यह द्वादश अक्षर का महामंत्र है, हनुमान जी का ध्यान एवं पूजन करके इस मंत्र का एक लाख जाप करें।

तत्पश्चात् हवन, तर्पण आदि करना चाहिये। यह मंत्र सभी मनोरथ को पूर्ण करने वाला है।

12. ॐ नमो हनुमते मदन क्षोभं संहर संहर आत्मतत्वं प्रकाशय प्रकाशय हुं फट् स्वाहा।

एक लाख मंत्र जपकर घी मिश्रित तिल से दशांश हवन करें, इसके प्रभाव से सभी विकार नष्ट हो जाते हैं।

13. ॐ हं पवन नन्दनाय स्वाहा।

इस दशाक्षरी मंत्र के द्वारा मंत्रोपासक अपना हित साधन कर सकता है। इसकी जप संख्या एक लाख है। इस मंत्र के द्वारा आयु, आत्मबल एवं विद्या की प्राप्ति होती है।

14. ॐ नमो भगवते आञ्जनेयाय अमुकस्य श्रंखलां त्रोटय त्रोटय बन्ध मोक्षं कुरुकुरु स्वाह।

एक लाख की संख्या में जप करने से यह मंत्र सिद्ध हो जाता है।

15. ॐ नमो भगवते आञ्जनेयाय महाबलाय स्वाहा।

हनुमान जी का ध्यान कर इस मंत्र का दस हजार जप करें एवं घी एवं तिल मिलाकर दशांश हवन करें। प्रतिदिन 108 बार जप करने से छोटे-मोटे रोग से मुक्ति मिल जाती है, बड़े लोगों के लिये प्रतिदिन एक हजार जाप करना चाहिये।

16. ॐ हनुमते नमः अंजनी गर्भ-सम्भूतः कपीन्द्र सचिवात्तम।

इसकी जप संख्या 12 हजार है। सिद्धि पश्चात् शत्रुओं से रक्षा होती है और इच्छित फल प्राप्त होता है।

17. ॐ हनुमते नमः। आपदामपहर्तारं दातारं सर्व सम्पदाम् लोकाभिरामं श्री रामं, भूयो भूयो नमाम्यहम् श्री हनुमते नमः।

बारह मंगलवारों तक प्रत्येक मंगलवार तक प्रातः काल एवं सायंकाल में बारह-बारह माला इस मंत्र का जाप करना चाहिये।

18. ॐ हनुमते नमः कर्मदेश महोत्साह सर्वशोक विनाशन। शत्रून् संहर माँ रक्ष, श्रियं दापय में प्रभो। ॐ हनुमते नमः।

इस सम्पुटित मंत्र का 12 माला जप सुबह शाम व्रत रखकर 12 मंगलवारों तक करें। शत्रु निवारण, आत्मरक्षा एवं व्यवसाय के लिये अचूक मंत्र है।

19. ॐ पूर्व कपि मुखाय पन्चमुख हनुमते टं टं टं टं टं सकल शत्रु संहरणाय स्वाहा।

शत्रु भय देर करने के लिये यह एक उपयोगी मंत्र है, इसकी जप संख्या 15 हजार है।

20. ॐ पश्चिम मुखाय गरुडासनाय पंचमुखहनुमते नमः, मं, मं, मं, मं, मं, सकल विषहराय स्वाहा।

इस मंत्र की जप संख्या 10 हजार है, इसकी साधना दीपावली की अर्ध रात्रि पर करनी चाहिये। सिद्धि के लिये श्रद्धा और विश्वास अति आवश्यक है। यह मंत्र विष उतारने में अत्यधिक सहायक है।

21. ॐ परकृतयंत्रमंत्र पराहंकार भूत प्रेतपिशाच पर दृष्टि सर्वविघ्न दुर्जनवेटक। विद्यासर्वग्रहमयं निवारय निवारय वध वध पच पच दल दल विलय-विलय कीलय कीलय सर्वकुयान्त्राणिकुदुष्ट वाचं ॐ हं फट् स्वाहा।

22. ॐ ह्रां ह्रीं हैं हनुमते नमः।

23. ॐ हं हनुमते रुद्रात्मकाय हुं फट॥

इस मंत्र का एक लाख जप करके दूध, दही एवं घी मिश्रित चावल से दशांश हवन करना चाहिये।

24. ॐ नमो भगवते आञ्जनेयाय अनुकस्य श्रंखलां त्रोट्य त्रोटय बन्धमोक्षं कुरु कुरु स्वाहा।

इस मंत्र की जप संख्या एक लाख है, फिर आम के पत्तों से दशांश हवन करना चाहिये, इसके प्रभाव से मनुष्य कारागार से मुक्त हो जाता है।

25. ॐ श्री महाञ्जनाय पवन पुत्रावेश्यावेशय ॐ श्री हनुमते फट्।

इस मंत्र की जपसंख्या एक लाख है, मंत्र सिद्धि के उपरान्त यह मंत्र ग्रह पीड़ा निवारण में अत्यधिक उपयोगी है।

26. ॐ नमो भगवते हनुमदारूपरुद्राय सर्व दुष्टजनमुखस्तं मनं कुरु कुरु ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ठं ठं ठं फट् स्वाहा।

27. ॐ नमो हनुमते पवनपुत्राय वैश्वानरसखाय हन-हन पापदृष्टि हनुमदाज्ञाया स्फुरः ॐ स्वाहा।

28. ॐ नमो हनुमते अंजनी गर्भसूंभूताय राम लक्ष्मण नन्दकाय कपि सैन्य प्रकाराय पुण्य प्रकाशनाय पर्वतोत्पारनाय सुग्रीवसाधनकाय रणे परोच्चाटनाय कुमार ब्रह्मचर्याय गंभीर शब्दोंयाय ॐ ह्रीं ह्रीं ह्रूं सर्वदुष्ट निवारणाय स्वाहा।

29. ॐ नमो भगवते आञ्जनेयाय महाबलाय स्वाहा।

30. ॐ नमो हनुमते सर्वग्रहान् भूतामविष्यद्वर्तमानान् दूरस्थसमीपस्थान् सर्वकाल दुष्टबुद्धिं उच्चाटय उच्चाटय परबलानि क्षोभय मम सर्वकार्य साधय-साधय हनुमते स्वाहा।

इच्छित वर का मंत्र

यह अष्टदशाक्षर मंत्र, मंत्र-महोदधि के अनुसार है। इस मंत्र को किसी शुभ समय स्नान एवं संध्या आदि नित्य कृत्यों से निवृत्त होकर प्रारंभ करना चाहिए। मूल मंत्र का पुरश्चरण विधि से लक्षवार जप करना चाहिए। जप का दशांश हवन, हवन का दशांश मार्जन, मार्जन का दशांश तर्पण एवं तर्पण का दशांश या यथाशक्ति ब्रह्मण भोजन कराना चाहिए। मंत्र के सिद्ध हो जाने पर हनुमान जी प्रसन्न होकर साधक को इच्छित वर दे देते हैं। मंत्र यह है-

ओम् नमो भगवते आंजनेयाय् महाबलाय स्वाहा।

सर्वरोग निवारक मंत्र

निम्न मंत्र को सिद्ध करने के लिए हनुमान जी के किसी भी मंदिर में जाकर, उनकी मूर्ति के समीप तेल का दीपक जलाकर सवा लाख मंत्र जप करना चाहिए। यह अनुष्ठान 41 दिन में पूर्ण कर लेने का विधान है। गुड़ का चूरमा भोग में रखना चाहिए। प्रयोग करने पर मोर पंख से 108 बार मंत्र का उच्चारण कर झाड़ना चाहिए। मंत्र है-

बन में बैठी बानरी जिन जाया हनुमत, वाला, डमरू, ब्याहि, बिलाई, आंख की पीड़ा, मस्तक पीड़ा, चौरासीबाय, बली-बली भस्म हो जाये, पके न फूटे, पीड़ा करे तो गोरखजती रक्षा करे। गुरु की शक्ति मेरी भक्ति फुरौ मंत्र ईश्वरो वाचा सत्य नाम आदेश गुरु को।

श्री हनुमत जंजीरा

इस मंत्र की साधना किसी हनुमान मंदिर में की जानी चाहिए। 21 दिन तक नित्य एक माला का जप करना होता है। जप के समय हनुमान जी का पंचोपचार या षोडशोपचार से पूजन करें, जप करते समय किसी प्रकार से डरना नहीं चाहिए। जप के पूर्ण होने पर एक नारियल और लाल कपड़े का तिकोना झंडा मंदिर पर चढ़ाएं। थोड़ा हवन भी कर लें। यह मंत्र भूत, प्रेत, डाकिनी, शाकिनी, नजर और जादू-टोने से शरीर की रक्षा करता है।

ओम् हनुमान पहलवान, बरस बारह का जवान, हाथ में लड्डू मुख में पान, खेल-खेल गढ़ लंका में चौगान, अंजनी का पूत राम का दूत, छिन में कीलौ नौ खण्ड का भूत, जाग जाग हनुमान हुंकाला, तातो लोहा लंकाला शीश जटा डग डेरूं उमर गाजे, वज्र की कोठड़ी वज्र का ताला, आगे अर्जुन, पीछे भीम, चोर नाहर, थम्पे से सींव, अजरा झर, भरया भरै, इस घट पिण्ड की रक्षा राजा रामचंद्र जी, लक्ष्मण कुंवर, हनुमान करै।

वशीकरण के लिए मंत्र

ॐ नमो भगवते पंचवदनाय हनुमते ऊर्ध्वमुखाय हयग्रीवाय रुं रुं रुं रुं रुं रुद्रमूर्तये सकललोक वशकराय वेदविद्यास्वरूपिणे ॐ नमः स्वाहा।

नोट-यहाँ यह ध्यान देना आवश्यक है कि उपरोक्त प्रयोगों में प्रयुक्त यंत्र व माला पूर्णतः चैतन्य व प्राण प्रतिष्ठित होनी चाहिए। दिव्यतम वैदिक मंत्रों द्वारा चैतन्यता प्राप्त सामग्री के अभाव में अभीष्ट सिद्धि की कामना न करें।

सर्व कामनापूरक मंत्र

किसी भी मंगलाचार के दिन किसी भी नदी के किनारे जाकर वहां की मिट्टी से हनुमान की मूर्ति बनाकर, विधिवत् पूजा-अर्चना करके उपस्थित मंत्र का जप करें। इस मंत्र का पुरश्चरण 12 लाख मंत्र जप से होता है। मंत्र सिद्ध होने के पश्चात् हनुमान साधक के वशीभूत होकर उसकी हर इच्छा पूरी करते हैं। यदि साधक किसी कठिन समय में इस मंत्र का 15 बार उच्चारण करता है, तो हनुमान जी तत्काल प्रकट होकर उसकी सहायता करते हैं, उसकी इच्छा पूरी करते हैं। मंत्र यह है-

ओम् हनुमानः हनुमतः रामभक्ता
हां हां हूं हूं हा हा स्वाहा।

बंधन मुक्ति मंत्र

निम्न मंत्र के ईश्वर ऋषि, अनुष्टुप छंद और शृंखलामोचक श्री हनुमान जी देवता हैं, ''हम्'' बीज और ''स्वाहा'' शक्ति है। कैद से छूटने के लिए इस मंत्र का विनियोग किया जाता है। इस मंत्र का ध्यान इस प्रकार करें कि हनुमान जी, बाएं हाथ में शत्रुओं को विदीर्ण करने वाला पर्वत एवं दाहिने हाथ में विशुद्ध टंक धारण करने वाले स्वर्ण के समान कांतिमान, कुंडलमंडित वानरराज हनुमान जी का ध्यान करो। पुरश्चरण पद्धति से एक लाख जप करने से मंत्र सिद्ध हो जाता है। जप के बाद दशांश हवन आम्र पल्लवों से करें। यदि साधक किसी कारण से कारावास में बंद कर दिया जाता है, तो स्वयं के लिए दस हजार जप करें, कारावास से मुक्ति मिल जाएगी। साधक यह प्रयोग स्वयं के साथ-साथ अन्यों के लिए भी कर सकता है।

निम्न मंत्र में अमुकस्य के स्थान पर साध्य व्यक्ति का नाम लेना चाहिए।

ओम् नमो भगवते आंजनेयाय अमुकस्य शृंखलां त्रोटय त्रोटय बंध मोक्षं कुरु कुरु स्वाहा।

निम्न मंत्र की जप-क्रिया भी उपरोक्त मंत्र की भांति है। जब कोई व्यक्ति निर्दोष होते हुए भी कारावास (जेल) में डाल दिया जाए, तो उसे चाहिए कि इस मंत्र को अपने दाहिने हाथ की उंगली से बाएं हाथ की हथेली पर लिखे और मिटा दे। यह क्रम 108 बार करे। यदि लगातार सात दिनों तक यह क्रिया कर ली जाए, तो 21 दिन में ही उसे कारावास से मुक्ति मिल जाएगी। मंत्र यह है-

हरि मर्कट मर्कट वाम करे
परिमुंजित मुंजित शृंखलि काम्।

हनुमत्कृपा प्राप्ति के विशिष्ट मंत्र

प्रस्तुत 8 मंत्र हनुमान जी की कृपा प्राप्त करने के हैं। इनमें से किसी भी 1 मंत्र को 10 से 1,00,000 जप करें 11वें दिन दशांश हवन और स्वयं ब्राह्मणों को भोजन कराने से शीघ्र ही फल प्राप्त होता है।

ओम् हनुमते नमः। (1)
आपदामपहर्तारं दातारं सर्व सम्पदाम्। (2)
लोकाभिरामं श्रीरामं भूयो भूयो नमाम्यहम्॥
श्री हनुमते नमः। (3)
अंजनीगर्भ संभूतः कपींद्र सचिवोत्तमः। (4)

रामप्रिय नमस्तुभ्यं हनुमन् रक्ष सर्वदा॥
ओम् हं हनुमते रुद्रात्मकाय हूं फट्। (5)
ओम आंजनेयाय विद्महे महाबलाय। (6)
धीमहि तंनो हनुमत प्रचोदयात्॥
ओम् पूर्व कपिमुखाय पंचमुख हनुमते (7)
टं टं टं टं टं सकल शत्रु संहारणाय स्वाहा।
ओम् पश्चिममुखाय गरुड़ास्त्रनाय पंचमुख (8)
हनुमते मं मं मं मं सकल विषहराय स्वाहा।

निम्न मंत्रों में से किसी भी 1 मंत्र को प्रतिदिन 3 हजार की संख्या जप करना चाहिए। 11 दिनों तक संयम-नियम के साथ रहकर जप करते रहें और समाप्ति पर दशांश 33 सौ हवन करें, तो साधक को नि:संदेह हनुमानजी की कृपा प्राप्त होगी और ऊपर आई समस्त विपदाएं टल जाएंगी, तथा सुख और सौभाग्य की प्राप्ति होगी। मंत्र यह है-

हनुमंनंजनी सूनो वायुपुत्रं महाबलः। (1)
अकस्मादागतोत्पातं नाशयाशु नमोस्तुते। (2)
ओम् हं हनुमते आंजनेयाय महाबलाय नमः
ओम् आंजनेयाय महाबलाय हुं फट्। (3)
ओम् ऐं ह्रीं हनुमते रामदूताय नमः। (4)
हनुमन् उर्वधर्मज्ञः सर्वकार्य विधायकः। (5)
अकस्मादागतोत्पातं नाशयाशु नमोस्तुऽते॥

विशेष-मंत्र जप की समाप्ति पर आरती, स्तुति पाठ और प्रार्थना करना भी आवश्यक है। इन सभी का पालन करते हुए ही जप-साधना करनी चाहिए। हनुमान जी की साधना में क्रोध, द्वेष, वैर, हिंसा, अपवित्रता, कुत्सित विचार, स्वार्थ, छल, चालाकी, अंध-विश्वास, शंका, भ्रम, अस्वच्छता और मानसिक चंचलता का सर्वथा दमन कर देना चाहिए। श्रद्धा, भक्ति, प्रेम, विश्वास, सहिष्णुता, प्रभु के प्रति समर्पण की भावना, दासभा जैसी मनोस्थिति में किया गया जप ही लाभप्रद होता है।

श्री हनुमंत रोग निवारक मंत्र

शाबर मंत्रों के अथाह सागर में अधिकांश मंत्रों में हनुमान जी को ही प्रमुख देवता मानकर उन्हीं की दुहाई दी जाती है। शाबर मंत्रों का प्रयोग करने से अवश्य ही चमत्कारी प्रभाव पड़ता देखा गया है। यहां पर हम इस अध्याय में हनुमान जी के कुछ रोग निवारक शाबर मंत्रों का वर्णन कर रहे हैं।

अग्रांकित मंत्रों में से अधिकांश मंत्रों का मैंने अनेकानेक लोगों पर प्रयोग किया भी है और अन्य दूसरे शाबर मंत्रियों को भी इन मंत्रों का सफलतापूर्वक प्रयोग करते

देखा है। अतएव इन मंत्रों के प्रयोग और परिणाम के रूप में पूरी तरह से निश्चितता के साथ में यह बात तो कह सकता हूँ कि वास्तव में रोग निवारण हेतु इन मंत्रों का प्रयोग करने से रोग और रोगी पर प्रभाव अवश्य पड़ता है।

बवासीर दूर करने का मंत्र

ॐ काकाकर्ता क्रोरी करता ॐ करता से होय व रसना दशहूं स प्रकटे खूनी बादी बवासीर न होए, मंत्र जान के न बताए द्वादश ब्रह्म हत्या का पाप होय शब्द सांचा पिण्ड काचा तो हनुमान का मंत्र सांचा, फुरो मंत्र इश्वरो वाचा।

उपरोक्त मंत्र एक लाख जाप से सिद्ध होता है। जो व्यक्ति इसे सिद्ध कर लेता है, उसे बवासीर रोग नहीं होता। रात्रि के रखे जल को 21 बार अभिमन्त्रित कर शौच को जाएं तथा शौच के बाद अभिमंत्रित जल से गुदा को धोने से बवासीर रोग दूर होता है।

देह रक्षा का मंत्र

ॐ नमः वज्र का कोठा जिसमें पिण्ड हमारा पैठा, ईश्वर कुञ्जी ब्रह्मा का ताला मेरे आठों धाम का यती हनुमंत रखवाला।

यह मंत्र 1008 बार जपने से सिद्ध हो जाता है। नित्य एक माला (108 बार) जपने से अभिचार प्रभावहीन होता है।

रोग निवारक हनुमान मंत्र

शारीरिक-मानसिक रोग, प्रेत बाधा, या किसी के द्वारा अभिचार:

पीड़ित व्यक्ति पर निम्न मंत्र से अभिमंत्रित जल छिड़कने मात्र से सब प्रकार के कष्ट दूर हो जाते हैं। श्रद्धा परम आवश्यक है। मंत्र इस प्रकार है-

ॐ नमो हनुमते पवन-पुत्राय वैश्वानरमुखाय पापदृष्टि, घोर-दृष्टि, हनुमदाज्ञा स्फरेत-स्वाहा।

उक्त मंत्र का नियमानुसार नित्य जप करने वाले साधक के संकट, हनुमंत कृपा से, चमत्कारिक रूप से स्वत: दूर हो जाते हैं।

पीलिया रोग शमन हेतु

ॐ यों यो हनुमन्त फल फलित धग्धगिति आयु रास परूडाह।

यह 25 अक्षरों का मन्त्र प्लीहा रोग दूर करने में प्रयुक्त होता है। जिस व्यक्ति को यह रोग हो, उसके पेट पर पान का पत्ता रखे और उस पर 8 पर्त लपेटा हुआ वस्त्र रखकर उसे ढक दें, फिर हनुमान जी का स्मरण करके उस पर बांस का एक टुकड़ा रखें। बाद में बेर की लकड़ी से बनी छड़ी लेकर उसे जंगली चकमक पत्थर से प्रगट की गई आग पर उक्त मन्त्र से सात बार तपाएं, फिर उस छड़ी से पेट पर रखे हुए बांस के टुकड़े पर सात बार प्रहार करें। इससे पीलिया रोग नष्ट हो जाता है।

कान दर्द दूर करने का मंत्र

बनरा गांठि बनरी तो ढांट हनुमान अंकटा, बिलारी बाधिनी थनैला कर्ण मूल जाई श्री रामचंद्रवानी जलपथ होई।

कान-दर्द हो तो उपरोक्त मंत्र से झाड़ें। हाथ में बभूति लेकर सात बार मंत्र का उच्चारण करके बभूति को कान से छुआकर नीचे डाल दें।

धरन बैठाने का मन्त्र

ॐ नमो नाड़ी नाड़ी नौ नौ नाड़ी बहत्तर कोठा चले अगाड़ी डिगे न कोठा चले न नाड़ी। रक्षा करे जती हनुमन्त की आन मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा।

जब नाड़ी निर्धारित स्थान से खिसक जाती है तो पेट में पीड़ा होने लगती है, भूख नहीं लगती तथा खाया-पीया हजम नहीं होता। इसके निवारण के लिए सूत के धागे में नौ गांठें लगाकर प्रत्येक गांठ पर नौ बार उपरोक्त मंत्र फूंके। फिर उसे छल्ले की तरह बनाकर पीड़ित व्यक्ति की नाभि पर रखें और नौ बार पुनः फूंक मारें। ऐसा करने से नाभि अपने स्थान पर आ जाएगी।

उदर रोग नाशक मंत्र

ॐ यो यो हनुमन्तफलफलितधागधीगत आयुराषः षरूडाह।

इस मंत्र को प्रतिदिन 11 बार पढ़ने से सब तरह के पेट के रोग ठीक हो जाते हैं।

कांख में होने वाले फोड़े को झाड़ने का मंत्र

ॐ नमो कखलाई भरी तलाई जहाँ बैठा हनुमन्ता आई। पके न फूटै चले ने पीड़ा रक्षा करे हनुमन्त वीर, दुहाई गोरखनाथ की शब्द सांचा पिण्ड काचा फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा। सत्य नाम आदेश गुरु को।

उक्त मंत्र 21 बार पढ़कर झाड़ने व जमीन की मिट्टी लगाने से कांख का फोड़ा ठीक हो जाता है।

रोग मुक्ति के लिए

मंगलवार को व्रत रखने, लाल वस्त्र धारण करने तथा केवल एक बार लाल रंग का भोजन कर, श्री हनुमान जी की आराधना करने तथा मंगलवार के दिन निम्न मंत्र की एक माला जप करने से निश्चित लाभ होगा।

मंत्र : ॐ मं मङ्गलाय नमः

रोग निवारण के लिए

हनुमान-बाहुक का रोगी की शैया के पास बैठकर पाठ करना अत्यंत लाभकारी होता है।

हनुमान जी के द्वादश नाम से चमत्कारी लाभ प्राप्त होता है। इनके पवित्र नामों के स्मरण मात्र से समस्त भय नष्ट हो जाते हैं, रोग निवारण होता है तथा युद्ध में विजय प्राप्त होती है।

हनुमान जी के द्वादश नाम इस प्रकार हैं :

अंजनीसुत, वायुपुत्र, महाबली, रामेष्ट, फाल्गुनसख, पिंगाक्ष, अमितीवक्रम, उदीध क्रमण, सीताशोकविनाशन, लक्ष्मणप्राणदाता, दशग्रीवदर्पहा और हनुमान।

स्त्रियों की स्तन-पीड़ा निवारण का मंत्र

ॐ वन में जाई अंजनी जिन जाया हनुमन्त।
सञ्जा खधा ढांकिया सब हो गया भस्मन्त॥

उक्त मंत्र सिद्ध करने के बाद राख से रोगी स्त्री से झड़वाएं तथा स्वयं मंत्रोच्चारण करें।

चूहे भगाने का मंत्र

पीत पीताम्बर मूशा गांधी। ले जाइहु तु हनुवन्त बांधी।
ए हनुमन्त लंका के राऊ। एहि कोणे पैसेहु एहि कोणे जाऊ॥

स्नान करके हल्दी की पांच गांठें व कुछ चावल अभिमंत्रित कर घर या खेत में डालने से चूहे भाग जाते हैं।

सिरदर्द दूर करने का मंत्र

लंका में बैठ के माथ हिलावै हनुमन्त।
सों देखि राक्षसगण पराय दूरन्त॥
बैठी सीता देवी अशोक वन में।
देखि हनुमान को आनन्द भई मन में॥
गई उर विषाद देवी स्थिर दर्शाय।
अमुक के सिर व्यथा पराय॥
अमुक के नहीं कछु पीर नहीं कछु भार।
आदेश का मारण्या हरि दासी चण्डी की दोहाई॥

सिरदर्द से पीड़ित व्यक्ति को दक्षिण दिशा में मुंह करके बैठाएं। फिर उसके सिर को दाएं हाथ से पकड़कर उपरोक्त मंत्र सात बार पढ़कर सिर पर फूंक मारें।

आधासीसी दर्द दूर करने का मंत्र

(1)

ॐ नमो वन में ब्याई वानरी, उछल वृक्ष पै जाय।
कूद-कूद शाखान पे कच्चे वन फल खाय॥
आधा तोड़े आधा फोड़े आधा देय गिराय।
हंकारत हनुमानजी आधा सीसी जाय॥

(2)

वन में ब्याई अंजनी कच्चे वन फल खाय।
हांक मारी हनुमन्त से इस पिण्ड से आधासीसी उतर जाय॥

उपरोक्त दोनों मंत्रों में से किसी भी एक मंत्र से झाड़ने पर आधासीसी का दर्द दूर होता है।

नेत्र रोग दूर करने का मंत्र

ॐ झलमल जहर भरी तलाई, अस्ताचल पर्वत से आई, जहां बैठा हनुमंता, जाई फूटै न पाकै करै, न पीड़ा जाती है, हनुमंत हरे पीड़ा मेरी। भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा सत्य नाम आदेश गुरु को।

ग्यारह बार मंत्रोच्चारण कर नीम की डाली से यह क्रिया तीन दिन तक नियमित करने से नेत्र रोग दूर होता है।

ॐ नमो वन में ब्याई बानरी जहां-जहां हनुमान अंखिया पीर कषवा रो गेहिया थने लाई चारिऊ जाए भस्मंतन गुरु की शक्ति मेरी भक्ति फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा।

यह मंत्र 7 बार उच्चारण करने से रोग ठीक हो जाता है।

अण्डवृद्धि रोग तथा सर्प निवारण का मंत्र

ॐ नमो आदेश गुरू को जैसे को लेहु रामचन्द्र कबूत ओ सई करहु राध बिनु कबूत पवन सुत हनुमन्त धाऊ हरहर रावन कूट मिरावन श्रवइ अण्ड खेतहि श्रवइ अण्ड अण्ड विहण्ड खेतहि श्रवइ वाँज गर्भहि श्रवइ स्त्री पीलहि श्रवइ शापहर हर जम्बीर हर जम्बीर हर हर हर।

उक्त मंत्र बोलते हुये फूले हुए अंडकोष को हाथ से सहलाने तथा अभिमंत्रित जल रोगी को पिलाने से रोग दूर होता है।

इसी मंत्र से अभिमंत्रित मिट्टी का ढेला यदि सांप के बिल पर रखा जाए तो सांप स्वयं ही बाहर निकल आता है।

बिच्छू का विष उतारने का मंत्र

पर्वत ऊपर सुरही गाई। कारी गाय की चमरी पूछी। ते करे गोबरे बिछी बिआई। बिछी तौर कर अठारह जाति 6 कार 6 पीअरी 6 भूमाधारी 6 रत्न पवारी। 6 कुं हुं कुं हुं छारि। उतरू बिछी हाड हाड पोर पोर ते। कस मारे लील कंठ गरमोर। महादेव की दुहाई, गौरा पार्वती की दुहाई। अनीत टेहरी शडार बन छाई, उतरहिं बीछी हनुमंत की आज्ञा दुहाई हनुमत की।

'ॐ हरि मर्कट मर्कटाय स्वाहा'

प्रयोग करने से पहले मंत्र को होली, दीपावली अथवा सूर्य, चन्द्र ग्रहण काल में सिद्ध कर, मंगलवार से '**ॐ हरि... स्वाहा**' मंत्र सवा लाख जपने से सिद्ध हो जाता है। बिच्छू के काटे को बंध बांधकर मोर पंख या नीम की डाली से झाड़ा दें।

पीलिया रोग निवारण का मंत्र

ॐ वीर वैताल असराल नारसिंह खादी तुर्षादी, पीलिया कूं भिदाती, कारै, जारै पीलिया रहै न नेक निशान जो कहीं रह जाए तो हनुमंत की आन, मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मंत्र इश्वरो वाचा।

उपरोक्त मंत्र को सिद्ध करने के बाद पीलिया रोग दूर करने हेतु कांसे की एक कटोरी में तिल का तेल लें। इस कटोरी को रोगी के सिर पर रखकर मंत्र जाप करते हुए कुशा (डाभ) से तेल को चलाएं। मंत्र के प्रभाव से तेल जब पीला हो जाए तब कटोरी नीचे रखें। ऐसा तीन दिन तक करने से रोग दूर हो जाता है।

सर्प विष उतारने का मंत्र

जेहि समय गए राम वन माहीं। तिनका तहां कष्ट अति होंही॥
सिय हरण अरु बाली नाशा। पुनि लागी लषन नाग फांसा॥
बिकल हरि देख नाग फांसा। स्मरण करहिं गरुड निज दासा॥
विनता नन्दन बसहिं पहारा। पहुंचे स्मरण ते ही लंका पल पारा॥
रहे लखन बांधि जितने सब नागा। सो गरुड़ देख तुरत सब भागा॥
अमुक अंग विष निर्विष होइ जाई। आदेश श्रीरामचन्द्र की दुहाई॥
आज्ञा विनतानन्दन की आन।

जब रोगी मरणासन्न हो, तब उक्त राम-सार मंत्र का सात या बारह बार उच्चारण कर झाड़ा देने से रोगी को चेतना आती है मंत्र में 'अमुक' के स्थान पर रोगी का नाम लें।

दांत का कीड़ा झाड़ने का मंत्र

ॐ नमो आदेश गुरु को वन में ब्याई अंजनी जिन जाया हनुमन्त, कीड़ा मकड़ा माकड़ा ए तीनों भरमन्त, गुरु की शक्ति मेरी भक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा।

दीपावली की रात्रि से जाप शुरू कर एक लाख बार जपें तो मंत्र सिद्ध हो जाएगा। जब मंत्र सिद्ध हो जाए तब नीम की डाली से झाड़ने पर दांत-दर्द शीघ्र ठीक हो जाता है। मंत्रोच्चारण के समय कटेरी के बीजों का धुआं दें और बांस या कागज की नलकी (फूंकनी) से फूंक मारें।

भूत-प्रेत दूर करने का मंत्र

बांधो भूत जहां तु उपजो छाडो, गिरे पर्वत चढ़ाई सर्ग दुहेली तुजिभ झिलमिलाहि हुंकारे हनुमंत पचारइ भीमा जारि-जारि जारि भस्म करे जों चापैं सिंऊ।

लक्ष्मी प्राप्ति के स्वर्णिम प्रयोग

संसार में कौन ऐसे व्यक्ति होगा जो अपने जीवन में लक्ष्मी प्राप्ति और उसके उपभोग की इच्छा न रखता हो। हरेक व्यक्ति लक्ष्मी (धन) प्राप्त करना चाहता है, प्रत्येक इन्सान के मन में धनवान बनने की इच्छा होती है। लक्ष्मी अर्थात् धन सम्पत्ति आज के युग की प्रत्येक इन्सान की आवश्यकता है। लक्ष्मीवान (धनवान) व्यक्ति को ही सारे सुखों की प्राप्ति होती है किन्तु लक्ष्मी घर में आये कैसे? यह कठिन समस्या है। और आपकी इस कठिन समस्या के निवारण हेतु ही लेखक 'प्रमोद सागर' जी ने 'लक्ष्मी प्राप्ति के स्वर्णिम प्रयोग' नामक अत्यन्त कल्याणकारी पुस्तक की रचना की। यह पुस्तक आपके लिए महान कल्याणकारी है क्योंकि इसमें उन स्वर्णिम सूत्रों के प्रयोग के बारे में आसान ढंग से बताया गया है जिनको उपयोग में लाकर स्वयं आप भी लक्ष्मीवान (धनवान) बन सकते हैं। दरिद्रतानाशक प्रयोग, व्यापार में वृद्धिकारक प्रयोग, इन्टरव्यू एवम् परीक्षा में सफलता प्राप्ति हेतु प्रयोग, बाधित व्यापार की अनिष्टता दूर करने के प्रयोग, पृथ्वी में गड़ा धन प्राप्ति हेतु, असफल कार्य को सफल करने हेतु प्रयोग, भाग्योन्नति कारक प्रयोग, ऋण (कर्ज) मुक्ति प्रयोग, आर्थिक सम्पन्नता हेतु प्रयोग, विदेश यात्रा हेतु प्रयोग, जीवन में सर्वत्र सफलता प्राप्ति हेतु अद्भुत प्रयोग आदि हजारों लक्ष्मी प्राप्ति के स्वर्णिम सूत्र दिये गये हैं। इसके अलावा घर में किसी प्रकार की ग्रह जनित पीड़ा अथवा वास्तु दोष है तो उसके निवारण के उपाय एवम् आसान टोटके भी दिये गये हैं, जिनका उपयोग करके आप ग्रह पीड़ा से मुक्त हो सकते हैं तथा अपने मकान को बिना किसी तोड़-फोड़ के आन्तरिक दोषों से मुक्त करके सुखमय जीवन व्यतीत करें।

आज ही यह पुस्तक मंगाकर लाभ उठायें। पुस्तक का मूल्य 50 रुपये। बिना एडवांस पुस्तक नहीं भेजी जाएगी। असल की पहचान **महामाया पब्लिकेशन्ज** और **अमित पाकेट बुक्स** देख कर ले।

अमित पुस्तक भंडार, नज़दीक चौक अड्डा टांडा, जालन्धर शहर।

मनोकामना पूरक हनुमान मन्त्र प्रयोग

हनुमान जी की उपासना शीघ्र फल प्रदान करती है। इनकी उपासना से यथा शीघ्र सभी प्रकार के घोर संकट दूर होते हैं। इनकी उपासना 'वीर' और 'दास' दोनों रूपों में होती है। जैसी जिसकी भावेच्छा। विपत्ति निवारण के लिए वीर रूप को तथा सुख-समृद्धि की प्राप्ति के लिए दास्य रूप की आराधना की जानी चाहिए। वीर रूप के लिए राजस उपचार एवं दास्य रूप के लिए सात्विक उपचारों का प्रयोग किया जाता है। यहां कुछ मन्त्र द्रष्टव्य है-

मन्त्र : ह्रों हस्फ्रें खफ्रें ह्रस्यौं हस्टवक्रें हू सौं हनुमते नमः॥

यह बारह अक्षरों वाला महामन्त्र राज है। इसके विनियोग आदि इस प्रकार हैं-

विनियोग-अस्य श्री हनुमन्महामन्त्र राजस्य श्री रामचन्द्र ऋषिः जगतीच्छन्दः श्री हनुमान् देवता ह्र सौं बीजं, हस्फ्रें शक्तिः श्री हनुमान प्रसाद सिद्धये जपे विनियोगः।

ऋष्यादि न्यास-

श्री रामचन्द्र ऋषये नमः शिरसि
जगतिच्छन्दसे नमः मुखे
श्री हनुमद देवतौ नमः हृदये
हू सौं बीजाय नमः गुह्ये
हस्फ्रें शक्तये नमः पादयोः

इसमें कीलक नहीं है।

विनियोगाय नमः सर्वांगे

मन्त्रोक्त छः बीजों के करन्यास एवं षडंग न्यास करें। पूरे मन्त्र के एक-एक अक्षर से 1. मस्तक 2. ललाटे 3. नेत्रयो 4. मुखे 5. कण्ठे 6. बाहवो 7. हृदये 8. कुक्ष्यो: 9. नाभौ 10. लिंगे 11. जान्वो: 12. चरण्यो: बोलते हुए द्वादशांग न्यास करें।

इसी प्रकार छः बीज और दो पदो से 1. मस्तके 2. ललाटे 3. मुख 4. हृदये 5. नाभौ 6. ऊर्वो 7. जंध्यो: 8. चरणयो: बोलते हुए अष्टांग न्यास करें।

ध्यान-

उद्यत्कोटयर्क संगकाशं जगत्प्रक्षोभ कारकम्।
श्रीरामांघ्रिंध्यान निष्ठं सुग्रीव प्रमुखार्चितम्॥
महाबल समायुक्तं भक्त भीति-निवारकम्।
विन्नासयन्तं नादेन राक्षसान् मारुतिं भजे॥

इस प्रकार ध्यान करके मन्त्र का 12 बारह हजार जप करें। फिर दही, दूध और घी मिले हुए धान से दशांश हवन करें। इस विधान में हनुमत् मन्त्र और उसकी विस्तृत पूजा का भी विधान है।

प्रयोग-

विद्यां वापि धनं वापि राज्यं वा शत्रु विग्रहम्।
तत्क्षणादेव चान्नोति सत्यं सत्यं सुनिश्तिम्॥

इन वचनों के अनुसार सभी वांछित फलों को प्राप्त करता है।

अन्य प्रयोग-अष्टमी या चतुर्दशी को मंगलवार अथवा रविवार के दिन तेल, बेसन और उड़द के आटे से बनाई हुई हनुमान जी की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा करके तेल और घी का दीपक जलाएं तथा विधिवत पूजन कर मालपुआ, भात, शाक, मिठाई, पकौड़े, बड़े आदि का भोग लगाएं। विशेष यह है कि इसमें 27 पान के पत्ते और सुपारी आदि मुख शुद्धि की वस्तुएं रखकर उन्हें तीन-तीन आवरण वाले बीड़े बनाकर हनुमान जी को अर्पित करें। फिर आरती, स्तुति आदि करके अपना मनोरथ निवेदन करें और प्रार्थना पूर्वक विसर्जन करें। इसमें उपरोक्त मन्त्र का जप और उसी मन्त्र से पूजन करने पर सभी कामनाओं की शीघ्र पूर्ति होती है। यथा शक्ति ब्राह्मण भोजन तथा उन्हें मान देकर दक्षिणा दान पूर्वक यह प्रयोग सम्पन्न करना चाहिए।

विशिष्ट हनुमत तंत्र प्रयोग

शनि शांति के लिए

शनिवार के दिन हनुमान जी के पैर पर लाल सिंदूर अक्षत मिश्रित कर ॐ श्री रामदूताय नमः बोलते हुए चढ़ाएं।

ॐ श्री रामदूताय नमः की तीन माला शनिवार के दिन जपे।

लवंग से बनायी हुई माला चढ़ाएं।

भूत-प्रेत बाधा के तांत्रिक निवारण हेतु

'पंचमुखी हनुमान स्तोत्र' का दिन में नौ बार शुद्धता से पाठ करें। जल्दी ही आपदाओं से मुक्त हो जाएंगे।

हनुमान कृपा के लिए

हनुमान यंत्र और मूंगे की माला या लाल चंदन की माला लें। प्रातः स्नान कर लाल वस्त्र धारण करके आसन पर बैठकर सिंदूर, लाल पुष्प, धूप, दीप, चावल आदि से यंत्र का पूजन करें। नैवेद्य में दाल के बड़े चढ़ाएं। हनुमान चालीसा का ध्यान से पठन करें।

'हं हनुमते रुद्रात्मकाय हुं फट्' मंत्र का 108 बार जाप करें।

बच्चों को नजर आदि से बचाने के लिए

हनुमान के पैर के नीचे का सिंदूर लेकर तिलक करें।

सुख-शांति के लिए

108 बार मंगलवार या हनुमान जयंती, या राम नवमी के दिन 'हनुमान चालीसा' का पाठ कीजिए।

कार्यसिद्धि के लिए

सुख भवन संसय समन दवन विषाद रघुपति गुन गना।
तजि सकल आस भरोस गावहि सुनहि संतत सठ मना।।

दोहा- सकल सुमंगल दायक रघुनायक गुन गान।
सदर सुनहिं ते तरहिं भव सिंधु बिना जलजान।।६०।।

।। इति सुन्दर काण्ड सम्पूर्ण ।।

श्री हनुमान वंदना स्तोत्र

रामचरितमानस के रचियता भक्त शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदासजी रचित हनुमान जी की वन्दना का यह स्तोत्र उनकी 'विनय पत्रिका' पुस्तक से लिया गया है। अत्यन्त सुगम संस्कृत, एक प्रकार से लगभग हिन्दी, में है यह स्तोत्र, अतः आपको शीघ्र ही याद हो जाएगा।

जयति वातसंजात विख्यात विक्रम
वृहद्बाहु बल विपुल बालधि विसाला॥
जातरूपाचलाकार विग्रह लसल्लोल
विद्युल्लता ज्वालमाला॥
जयति बालार्कवरदन पिंगलनयन
कपीश कर्कश जटाजूटधारी।
विकट भ्रकुटी वज्रदर्शन नख
वैरि मदमत्त कंजर पुंज कुंजरारी॥
जयति भीमार्जुन व्याल सूदन
गर्वहर धनंजय रथत्राण केतू।
भीष्म द्रोण कर्णादि पालित
कालदृक् सुयोधन चमू निधन हेतू॥
जयति गतराजदातार हंतार
संसार संकट दनुज दर्पहारी।
ईति अतिभीति ग्रह प्रेत चौरानल
व्याधि बाधा शमन घोर मारी॥
जयति निगमागम व्याकरण करणलिपि
काव्य कौतुक कला-कोटि सिंधो।
सामगायक भक्तकामदायक वामदेव
श्रीराम प्रिय प्रेम बंधो॥
जयति धर्मांशु संदग्ध संपाति
नवपक्ष लोचन दिव्य देह दाता।
कालकलि पासंताप संकुल सदा
प्रणत तुलसीदास तात माता॥

श्री हनुमान नमस्कार स्तोत्र

नमो हनुमते तुभ्यं नमो मारुतसूनवे।
नमः श्रीरामभक्ताय श्यामास्याय च ते नमः ॥1॥
नमो वानरवीराय सुग्रीवसख्यकारिणे।
लंकाविदाहनार्थाय हेलासागरतरिणे ॥2॥
सीताशोकविनाशाय राममुद्राधराय च।
रावणान्तकुलच्छेदकारिणे ते नमो नमः ॥3॥
मेघनादमदध्वंसकारिणे ते नमो नमः।
अशोकवनविध्वंसकारिणे भयहारिणे ॥4॥
वायुपुत्राय वीराय आकाशोदरगामिने।
वनपालशिरच्छेद लंकाप्रसादभञ्जिने ॥5॥
ज्वलत्कनकवर्णाय दीर्घलांगूलधारिणे।
सौमित्रिजनदात्रे च रामदूताय ते नमः ॥6॥
अक्षस्य वाकर्त्रे च ब्रह्मपाशनिवारिणे।
लक्ष्मणांगमहाशक्तिघ तक्षतविनाशिने ॥7॥
रक्षोघ्नाय रिपुघ्नाय भूतघ्नाय च ते नमः।
ऋक्षवानरवीरौघप्राणदाय नमो नमः ॥8॥
परसैन्यबलघ्नाय शस्त्रास्त्रघ्नाय ते नमः।
विषघ्नाय द्विषघ्नाय ज्वरघ्नाय च ते नमः ॥9॥
महाभयरिपुघ्नाय भक्तत्राणैककारिणे।
परप्रेरितमन्त्राणां यन्त्राणां स्तम्भकारिणे ॥10॥
पयः पाषाणतरणकारणाय नमो नमः।
बालार्कमण्डलग्रासकारिणे भवतारिणे ॥11॥
नखायुधाय भीमाय दन्तायुधसाराय च।
रिपुमायाविनाशाय रामात्रालोकरक्षिणे ॥12॥
प्रतिग्रामस्थितायाथ रक्षोभूतवधार्थिने।
करालशैलशस्त्राय द्रुमशस्त्राय ते नमः ॥13॥
बालैकब्रह्मचर्याय रुद्रमूर्तिधराय च।
विहंगमाय सर्वाय वज्रदेहाय ते नमः ॥14॥

कौपीनवाससे तुभ्यं रामभक्तिरताय च।
दक्षिणाशाभास्कराय शतचन्द्रोदयात्मने ॥15॥
कृत्याक्षतव्यथाघ्नाय सर्वक्लेशहराय च।
स्वाम्याज्ञापर्थसंग्रामसंख्ये संजयधारिणे ॥16॥
भक्तान्तदिव्यवादेषु संग्रामे जयदायिने।
किलकिलाबुबुकोच्चार घोरशब्दकराय च ॥17॥
सर्पाग्निव्याधिसंस्तम्भकारिणे वनचारिणे।
सदावनफलाहार संतृप्ताय विशेषतः ॥18॥
महार्णव शिलाबद्ध सेतुबन्धाय ते नमः।
वादे विवादे संग्रामे भये घोरे महावने ॥19॥
सिंहव्याघ्रादिचौरेभ्यः स्तोत्रपाठाद्भयंनहि।
दिव्येभूतभये व्याधौ विषे स्थावरजंगमे ॥20॥

अथ श्री हनुमल्लांगूलास्त्र स्तोत्र

यह स्तोत्र हनुमान उपासना का एक विशिष्ट प्रभावशाली स्तोत्र है। इस स्तोत्र का नियमित रूप से पाठ करने वाले साधक के समस्त शत्रुओं, विरोधियों, आलोचकों तथा व्याधियों का समूल नाश हो जाता है। निरंतर पाठ करने के परिणामस्वरूप वांछित कार्यों की सफलतापूर्वक सिद्धि भी इसी स्तोत्र द्वारा स्वयंमेव हो जाती है।

'श्री हनुमल्लांगूलास्त्र स्तोत्र' का अन्य प्रचलित नाम **'शत्रुजंय स्तोत्र'** भी है। इस स्तोत्र में हनुमान जी के लंगूर रूप की आराधना की जाती है। विधिपूर्वक साधना हेतु हनुमान जी की पंचोपचार पूजन करके इष्ट सिद्धि हेतु इस स्तोत्र का ग्यारह दफा पाठ करना चाहिए तथा एक पाठ से हवन करना चाहिए। एतदर्थ साधक को सफलता मिलती है।

विनियोग-

ओं अस्य श्री हनुमल्लांगूल शत्रुन्जय स्तोत्र मन्त्रस्य ईश्वर ऋषिः अनुष्टुप छन्दः श्री हनुमान रूद्रो देवता हं बीजं स्वाहा शक्तिः, हा हा हा इति कीलकम् मम् सर्वारक्षयार्थे जपे विनियोगः।

इसके बाद करन्यास करें-

ॐ ह्रीं रामदूताय तर्जनीभ्यां नमः,
ॐ हं अक्षयकुमार विध्वंसकाय मध्यमाभ्यां नमः।
ॐ हैं लंकाविदाहकाय अनामिकाभ्यां नमः,

ॐ ह्रौं रूद्रावताराय कनिष्ठकाभ्यां नमः।
ॐ ह्रः सकलरिपु संहारणाय करतल कर पृष्ठाभ्यां नमः,
ॐ ह्रां आंजनेयाय हृदयाय नमः।
ॐ ह्रीं रामदूताय शिरसे स्वाहा,
ॐ ह्रं अक्षयकुमार विध्वंसकाय शिखायै वषट्।
ॐ ह्रैं लंकाविदाहकाय कवचाय हुम्,
ॐ ह्रौं रूद्रावताराय नेत्राभ्यां वौषट्।
ॐ ह्रः सकलरिपु संहारणाय अस्त्राय फट्,

ॐ ऐं श्रौं ह्राँ ह्रीं ह्रूं ह्रौं हस्फ्रें खफ्रें,
हस्त्रौं हस्ख्रें ह्रसौं नमो हनुमते।

त्रैलोभ्याक्रमण पराक्रम श्रीराम भक्त मम परस्य च,
सर्व शत्रुन् चतुर्वर्ण सम्भवान पुंस्त्रीनपुंसकान।
भूत भविष्यद् क्वथानान् दूरस्थान,
पुंस्त्रीनपुंसकान् भूत भविष्यद् वर्तमानान् दूरस्थान।
समीपस्थान् नाना नामधेयान् नाना संकट जातीयान्-
कलत्रपुत्रमित्रमृत्य बन्धु सुहृत्समेतान्,
प्रभुशक्ति सहितान् धन-धान्यादि संपित्तयुतान्।
राज्ञो राजसेवकान् मंत्रि सचि सखीना त्यन्तिकान्,
क्षणेन त्वष्टया एतद दिनावधि नानोपायर मारय-मारय
अस्त्रैः छेदय छेदय अग्निना ज्वालय ज्वालय दाहय दाहय,
अक्षयकुमारवत् पादतलाक्रमणेन आत्रोटय आत्रोटय।
घातय घातय भक्तजनवत्सल सीता-थोक पहारक,
सर्वत्र मामेन च रक्ष रक्ष हा हा हा हुं हुं हुं।
भूत संघै सह भक्षय भक्षय क्रुद्ध चेतसा,
नखैर्विधारय विदारद दाशादश्मादू उच्चाटाय उच्चाटाय।
पिशाचवद् भ्रंशय भ्रंशय, घे घे घे हुं हुं हुं फट् स्वाहा।
ओं नमो भगवते श्री हनुमते महाबल पराक्रमाय,
महाविपत्ति निवारणाय भक्त-जन मनः सकल्पनाय।
कल्पद्रुमाय दुष्टजन मनोरथः स्तम्भनाय,
प्रभंजन प्राणप्रियाय स्वाहा।

अथ ध्यानम्

श्रीमन्तं हनुमन्तमान्त रिपुमिद् भूमृत्तनुभ्राजितं,
बाल्गद्-बालधिबद्धवैरिनिचयं चामिकटाद्रिप्रभम्।
रोषारक्त-पिशंगः नेत्र-नलिनं भ्रूमंगमंग-स्फुटत्,
प्रौद्यच्चण्ड-मयूख-मण्डल मुखं दुःखपाहं दुःखिनाम् ॥१॥
कौपीनं कटिसूत्र-मौज्यजिन युग्देहं विदेहात्मजा,
प्राणाधीशयदारविन्द निहतं स्वान्तं कृतान्तं द्विषाम्।
ध्यात्वैवं समरांगणे स्थितमकानीय स्वहत्पंकजे,
सम्पूज्याखिल पूजनोक्तविधिना सम्प्रार्थयेत्प्रार्थितम् ॥२॥
ओं हनुमन् अन्जनीसुतो महाबलपराक्रम,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय ॥३॥
अक्षक्षपण पिंगाक्षदित्रिजासुक्षयङ्कर,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय ॥४॥
मर्कटाधिप मार्तण्डमण्डलग्रासकारक,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय ॥५॥
रूद्रावतार संसारदुःख भारापहारक,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय ॥६॥
श्रीरामचरणाम्भोज मधुपापितमानस,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय ॥७॥
बालिकाल कोटदक्रान्त सुग्रीवोन्मोचन प्रभो,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय ॥८॥
सीता विरह वारीशम् अग्नि सीते शतारक,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय ॥९॥
रक्षोराज प्रजापाग्नि दहयमान जगर्द्धित्,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय ॥१०॥
ग्रसताशेष जगत्स्वास्थ राक्षसाम्भोधिमन्दर,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय ॥११॥
पुच्छगुच्छ स्फुप्द्धूम ध्वजदग्ध निकेतन,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय ॥१०॥
जगन्मनोदुरूल्लंघय पारावार विलंघन,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय ॥१३॥

स्मृति मात्र समस्तेष्टपूरणा! प्रणतप्रिय,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय॥१४॥
रात्रिचरणभूराशि कर्त्तनैक विकतेन,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय॥१५॥
जानकी जानकी जानी प्रेम पात्र परन्तप,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय॥१६॥
भीमादिक महावीर वीरवेशादितारक,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय॥१७॥
वैदेहि विरहाक्रान्तं रामरोषं कविग्रह,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय॥१८॥
वज्रांगनखदंष्ट्रेश वज्रिवज्रावकुण्ठन,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय॥१९॥
अखर्व गर्व गन्धर्व पर्वतोद्भेदनेश्वर,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय॥२०॥
लक्ष्मण प्राण संस्त्राणं त्रातः तीक्ष्णकरान्वय,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय॥२१॥
रामादि विप्रयोगार्त भरताद्यार्तिनाशन,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय॥२२॥
द्रोणाचल सुभत्क्षेय समुत् क्षिप्तारिभैव,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय॥२३॥
सीताशीर्वाध सम्पन्न समस्ताभ्यवांछित,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय॥२४॥
वात पित्त कफ श्वास ज्वारादि व्याधिनाशन,
लोललांगूलपातेन ममारातीन् निपातय॥२५॥
ॐ इत्येवमश्वतथतलोपविष्टः शत्रुंजयं नाम पठेत्सत्वं यः,
स शीघ्रमेवास्तसमस्त शत्रु, प्रमोदत्ते मरूतज प्रसीदात्॥२६॥

अथ श्री हनुमान लहरी

आध्यात्मिक गंगा की धारा में 'हनुमान लहरी' भक्ति सागर की वह प्रचण्ड वेगमयी तरंग है जो अर्न्तमन को झंझोड़ कर आत्मा के अंदर हनुमद् भक्ति का झंझावत उत्पन्न करके तन-मन को पूर्णतः हनुमानमयी बना देती है। 'हनुमान लहरी' में दोहों के साथ छप्पय, रोला, हरिगीतिका छन्दों तथा सोरठों का इतना अद्भुत प्रयोग किया गया है जिसके प्रभाव से भक्ति की अजस्त्रधारा बहने लगती है। इस 'हनुमान लहरी' को लयपूर्वक गायन करके इसका प्रत्यक्ष चमत्कार देखा जा सकता है।

दोहा

गुरुपद पंकज धारि उर, सुर-नर शीश नवाय।
मारुत सुत बलवीर कहं, ध्यावत चित मन लाय॥
प्रथम वन्दि सियराम पद, अवध नारि नर संग।
बन्दौ चरण सुध्यान धरि, हनुमत कंचन रंग॥
मन चित देइ सुनौ विनै, हौं तुम दीन दयाल।
और नहिं कछु वासना, दासहिं कहु निहाल॥
तात बड़ाई रावरी, बिछुवत जोति अनन्द।
सब विधि हीन मलीन मति, अहै दीन ब्रजनन्द॥
जानै जग दातव्यता, नाथ मोर सरवस्य।
पै बिरलै कोउ जानि हैं, यह अति गूढ़ रहस्य॥
जय जय दारूण दुःखदलन, महावीर रणधीर।
कर गहि लेउ उबार प्रभु, आय जुरी अति भीर॥
गदगद गिरा गुमान तिज, जुगल पानि करि जोर।
हनुमत अस्तुति करत हैं, सिगरी भांति निहोर॥

छप्पय छन्द

जै सुत पवन दयानिधान दारिद दुःख भंजन।
जैति अंजनि तनय सदा सन्तन मन रंजन॥
जैति वीर सिरताज लाज राखउ मम आजू।
जै जै रघुवर दास जासु साजेब शुभ काजू॥
प्रभु जस अरि बन्धुसु कहं कियो पार दुःख सिन्धु सों।
हनुमन्त मेरो दुःख दूर करो होउ सहाय सु बन्धु सों॥

रोला छन्द

जैति जैति दुःख हरन सरन अब मोको दीजै।
जैति जैति हनुमन्त अन्त थारो न पईजै॥
जै अंजनि सुत वीर धीर अति धरम धुरन्धर।
जय जय रघुकुल कुमुद चेट जय मच्छक रविकर॥
जय मारुत सुत तेजवान दुःख-द्वन्द दलैया।
जय सीता सुख मूल तूल सम लंक जलैया॥
रघुवर कर सबकाज लाल तुम आप संवारो।
रुचिर वाटिका दशकन्धर कर नाथ उजारो॥
बानर दल कहं विजय तात तुम आप दिवायो।
लंका कहं सन्धान करी सीता सुधि पायो॥
सुगरीवहिं पहं राम आनि शुभं सखा बनायो।
लाय विभीषन नाथ निकट तुम अभय करायो॥
सागर उतरेउ पार मेल मुद्रिका मुख माहीं।
सुन शुभमय संवाद अचरज कोउ नाहीं॥
लाय सजीवनि भूरि लखन कहं जीवित कीनो।
शोक जलधि सो आप काढ़ि रघुवर कहं लीनो॥
रघुपति सादर सखा भाषि उर लावत भयउ।
सकल शोक तत्काल हृदय सों बाहर गयऊ॥
श्रीमुख शैरे विशद गुणन को भाष्यो स्वामी।
भरत बाहु बल होय तोहि कह अन्तरयामी॥
भाखि सुखद संवाद तात भय भरत नसायो।
हरषि सुजस तत्काल अवध नारी-नर गायो॥
रघुपति कर कछु काज तात तुम बिन नहिं सरितो।
सुरपुर मो जय जैति शब्द तुम बिन को भरितो॥
दोहा-देइ बड़ाई बानरन, असुरन को बध कीन।
तो सम को प्रिय सीय की, जासु शोक हर लीन॥
जै-जै शंकर सुजन जैति जै केसरि नन्दन।
जै-जै पवनकुमार जयति रघुवर पद वन्दन॥
जय-जय जनककुमारी प्यारी यह रघुपति पायक।
जैति-जैति जै जैति तात सुर साधु सहायक॥
सकल द्वार सों हार हाय तुम द्वारहिं आयउं।
दान शीलता देखि रावरी हिय सुख पायउं॥

यादर सो महरूम तात अब कहां सिधारूं।
विपत काल में अहो नाथ अब काहि पुकारूं॥
कर गहि लेउ उबार नाथ हूँ दास तिहारो।
कर गहि लेउ उबार नाथ कछु है न सहारो॥
कर गहि लेउ उबार नाथ निज ओर निहारी।
कर गहि लेउ उबार नाथ सिगरी विधि हारी॥
गहि कर अजउं अबारु नाथ भव-सिन्धु अथाहै।
गहि कर अजउं अबारु नाथ व्रज डूबन चाहै॥
द्रवहु-द्रवहु यदि काल नाथ मोको कोउ नाहीं।
द्रवहु-द्रवहु यहि काल हार आयउं तुव पाहीं॥
द्रवहु-द्रवहु हनुमत कपि दल के सिरताजू।
द्रवहु-द्रवहु कपिराज ताज तुम सन्त समाजू॥
विनवत हौं कर जोर अजौं टारहु मम संकट।
विनवत हौं कर जोर नाथ काटहु मम कंटक॥
विनत हो हे नाथ दया कर रन ते हेरहु।
विनत हो हे नाथ यहां दारुण दुःख टेरहु॥
पद गहि विनवौं नाथ तोहिं कहं कस नहिं भावै।
पद गहि विनवौं हाय नाथ तुव दया न आवै॥
पद गहि विनवौं हाय अजहु मो अभय कीजै।
पद गहि विनवौं हाय अजहु सुख सम्पति-दीजै॥
सुख सागर आनन्द धन सन्तन के सिर मौर।
दुःख वन पावक नाथ तुम, सिर पर सोहत खौर॥

रोला छन्द

आज जुरयो यहि काल मोहि पै दारुण सोको।
सूझत ना तिहुं लोक मोहि तोसो कोउ मोको॥
स्वास्थ हित सब जगत मांझ राखत है प्रीती।
पै रौरी हे नाथ अहै अति नूठी रीती॥
हाय-हाय है नाथ हाय अब मों न बिसारहु।
हाय-हाय है नाथ हाय अब कोप निवारहु॥
धन बल विद्या हाय कछु नहीं मो ढिंग साई।
कवन सम्पदा कवन तात कब तो बिन पाई॥
दीन हीन सब भांति हूजिये वेग सहायक।
फेरिये कृपा-कटाक्ष आप सब विधि सब लायक॥

सुखद कथा तुव हाय नाथ कस दीन सुभाखै।
सदा सुचरन पाहिं चित्त आपन कस राखै॥
काम क्रोध मद लोभ मोह मोहिं सदा सतावैं।
चित्त वित्त सो हीन दीन कस तो कहं पावैं॥
अजहूं होय सहाय मोर सबकाज संवारहु।
गयउं सकल विधि हारि हाय अब मोहि सभारहुं॥
सदा कहत सब लोग आप कहं संकटमोचन।
सदा कहत सब लोग आप दारुन दुःखमोचन॥
अपनहिं ओर निहारि नाथ मों कहं जनि हेरहु।
आय जुरेउ दुःख विकट ताहि कहें तुरतहिं टेरहु॥
और कहौ कत नाथ तोहिं कह बहुत बुझाई।
और कहौ कत हाय मोहि सों कहि नहि जाई॥
सदन गुनन के खान दीन हित जन-सुखदायक।
पवनपुत्र दुःख देख अजहुं प्रभु होहु सहायक॥

सोरठा

अजहूं होय सहाय, तात निवारो दुख सब।
कहा कहो समुझाय, अजहुं न बिगरेउ काज कछु॥

हरिगीतिका छन्द

बहु भांति विनय बहोरि हे प्रभु जोरि कर भाखत अहौं।
तुव चरण रत मम मन रहे कछु और वर जासो लहौं॥
रघुवरी पायन पदुम पावन भृंग मोहि बनाइये।
भव-सिन्धु अगम अगाध सो प्रभु पार अजहु लगाइये॥
तुम तजि कहों कासों विपिति अब नाथ को मेरी सुनै।
रावरि भरोस सुवास तजि प्रभु और को कछु न गुनै॥
वैरी समाज विनाश कर हनुमान मोहि विजही करो।
मेरी ढिठाई दोष अवगुन पै न चित सांई धरौ॥
जब लगि सकल न गुनान तजि नर आइ राउर पद गहै।
तब लगि दावानल पाप को बहुत भांति तन मन ही दहै॥
जग लगि न रावरि होय नर सब बांति मन कर्म वचन ते।
तब लगि न रघुवर दास होत करोर जोखिम यतन ते॥
यहि मान जिय परमान निहचै सरन राउर हम गहै।
परलोक लोक भरोस तजि नित नाथ का दरशन चहै॥

हम अपनि ओर निहोर बहु विधि नाथ नित विनती करो।
हरषाय सादर नाथ तुम गन गात निज हियरो धरों॥
जनि करहुं मोहि अनाथ नाथ सुदास हूँ मैं रावरो।
हनुमान हैं शुचि पतित पावन दास जो पै पावरो॥
अबहुं करो सनाथ नाथ तो जगत मोहि तोहि का कहै।
यह रुचिर पावन स्वामि सेवक नेह नातो क्यों रहै॥

दोहा

विजय चहैं निज काज महं हनुमत कहं सिनाय।
लखि मेरी अज दुरदसा, द्रवहु अजहुं तुम धाय॥

सोरठा

हार देत सब काज, नाथ रावरे हाथ महं।
सजहु सकल शुभ साज, भजहु जानि अब मोहि तजि॥
पंगु भइ मो बुद्ध, अकथ कथा कस कहि सकौं।
करहु काज मम सिद्ध, और कहा तोसौं कहौ॥
सुनै न समुझे रीत, मगन बयो मन प्रेम महं।
अब न सिखावहु नीत, यासो मोहि न काज कछु॥
नहिं दर छांड़ब हाय, मारहु या जीवत रखहु।
ब्रजनन्दन बिलखाय, भाखत साखी दैं सियहिं॥
पाहि पाहि भगवन्त, अब सुधि लीजै दास की।
दीजै दरस तुरन्त, करिये कृतारथ दीन जन॥
मांगत दोउ कर जोरि, अभै दान तुम सन सदा।
बारहिं बार निहोरि, कहत करहु फुर मो वचन॥
जो याको चित लाय करे, पाठ शुचि प्रेम सों।
ताकर सकल बलाय, हरहु दरहु दारुण विपति॥

दोहा

'हनुमान लहरी' पढ़त, हिय धरि पवनकुमार।
सुजन दया करि दास पै, छमि हैं चूक अपार॥

श्री हनुमंत बीसा सिद्धि

प्राय: हनुमान उपासना और साधना के रूप में संकट निवारण हेतु **'हनुमान चालीसा'** का पाठ करना श्रेयस्कर माना जाता है। यहां हम पाठकों के लिए इससे भी ज्यादा सहज उपाय के रूप में **'श्री हनुमंत बीसा प्रयोग'** बता रहे हैं। इस बीसा का विधिवत् प्रयोग करने से जहां एक ओर साधक के समस्त कष्टों का सहज में ही निवारण हो जाता है वहीं दूसरी और इसकी नियमित साधना करते रहने से साधक को अनेकानेक अद्‌भुत और चमत्कारी पारलौकिक शक्तियां सहज में ही प्राप्त हो जाती हैं। योगीराज यशपाल भारती ने ''हनुमंत बीसा'' की रचना की थी जिसका प्रभाव भी हनुमान चालीसा की भांति ही है। किंतु स्थानाभाव के कारण उसे यहां प्रकाशित नहीं किया जा सका।

विधि-श्री हनुमंत बीसा की जप विधि अत्यंत ही सहज और सरल है। परन्तु सावधानीपूर्वक विधि-विधान से प्रयोग करना अवश्य ही अपेक्षित है।

सर्वप्रथम किसी भी मंगलवार को **'श्री हनुमंत बीसा यंत्र'** को बनाकर एक फ्रेम में जड़वा लें। अब किसी साफ-सुथरे स्थान पर एक चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर उस पर इस बीसा यंत्र को स्थापित कर दें। फिर माता जानकी (सीता) एवम् श्रीरामचंद्र भगवान की तस्वीर स्थापित करके पहले उनका पंचोपचार पूजन करें। तत्पश्चात् सवा पाव का आटे का रोटड, दो लड्डू, पताका, लंगोट, जनेऊ, खड़ाऊँ, एक नारियल (जटादार), सिंदूर, चमेली का तेल तथा सवा रूपया किसी हनुमान मंदिर में जाकर हनुमान जी की प्रतिमा को अर्पण कर दें। अब घर आकर बीसा यंत्र का पंचोपचार पूजन करें। पूजन के समय हनुमान बीसा मंत्र का लगातार जाप करते रहें। (साधना उत्तराभिमुख होकर तथा लाल कम्बल के आसन पर बैठकर ही करें।) (साधनाकाल में पूर्ण ब्रह्मचर्य का पालन करें।)

अब लयपूर्वक श्री हनुमंत बीसा मंत्र का सस्वर पाठ आरम्भ करें। पाठ समाप्ति पश्चात् वहीं सो जावें। इस प्रकार यह क्रिया बीस दिनों तक निरंतर करें। इक्कीसवें दिन हवन क्रिया करें जिसमें श्री हनुमंत बीसामंत्र का पाठ करते हुए इक्कीस आहुतियां देवें। इक्कीस ब्राह्मणों को भोजन कराकर दान-दक्षिणा देवें तथा अखण्ड रामायण का पाठ भी करावें।

इस प्रकार से विधिपूर्वक अनुष्ठान करने से साधक के समस्त संकटों का निवारण अवश्य ही हो जाएगा। यह एक सिद्ध अनुभूत सफल प्रयोग है।

श्री हनुमंत बीसा यंत्र



श्री हनुमंत बीसा मंत्र

"ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रों ह्रः श्री हनुमन्ते नमः रं राम भक्त हं हनुमन्ता सर्व सिद्धि प्रदः सर्व संकटादि नाशकः अं अंजनीपुत्र आंजनेय मम सहाय कुरू-कुरू स्वाहा॥"

श्री हनुमान चालीसा अनुष्ठानम्

सर्वकार्य सिद्धि हेतु '**श्री हनुमान चालीसा अनुष्ठानम्**' एक सरल व शीघ्र फलदायी तन्त्र साधना है। पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ यदि इस साधना को विधिपूर्वक सम्पन्न किाय जावे तो वांछित फल की प्राप्ति अवश्य होती है। इस साधना को विधिपूर्वक सम्पन्न किया जावे तो वांछित फल की प्राप्ति अवश्य होती है।

श्री हनुमान चालीसा के अनुष्ठान से साधक की मनोकामना पूरी होती है, पर हनुमान जी से स्त्री की मांग या विवाह की प्रार्थना नहीं करनी चाहिये। भक्ति, ज्ञान, वैराग्य, विद्या, बुद्धि, शत्रु नाश, आजीविका लायक धन प्राप्ति की प्रार्थना करने पर हनुमान जी अवश्य साधक की कामना पूर्ण करते हैं।

श्री हनुमान चालीसा अनुष्ठान के लिये यदि हनुमान चालीसा याद नहीं है तो

सबसे पहले 50-100 पढ़कर याद कर ले। फिर किसी मंगलवार या शनिवार को यह अनुष्ठान कर सकते हैं। अनुष्ठान के दिन आसन बिछाकर श्री हनुमान जी तथा श्रीराम पंचायत के चित्र स्थापित करे और उनका पंचोपचार (पांच प्रकार से) या षोडशोपचार (सोलह प्रकार से) विधि से पूजन करें। हनुमान जी को कन्दमूल फल तथा मिष्ठान में मोतीचूर के लड्डू, बेसन की बनी वस्तुयें, रोट, पुऐ आदि प्रिय हैं और सिन्दूर का तिलक और लाल रंग की लंगोट प्रिय है। साधक के वस्त्र भी लाल रंग के हों तो उत्तम है।

फिर आचमन, प्राणायाम, आवाहन, संकल्प-हनुमान चालीसा का 108 पाठ करने का करे। यह सब करने के पश्चात् श्री हनुमान जी का ध्यान करें-

अतुलित बलधामं हैमशैलाभ देहं।
दनुजयनकृशानु ज्ञानिनामग्रगण्यम्॥
सकलगुणनिधानं वानराणामधीशं।
रघुपतिप्रियभक्तं वातजातं नमामि॥

अतुल बल के धाम, सोने के पर्वत (सुमेरू) के समान कीर्तियुक्त शरीर वाले, दैत्यरूपी वन को ध्वंस करने के लिये अग्नि रूप, ज्ञानियों में अग्रगण्य, सम्पूर्ण गुणों के निधान, वानरों के स्वामी, श्री रघुनाथ जी के प्रिय भक्त श्री हनुमान जी को मैं प्रणाम करता हूँ।

फिर हनुमान चालीसा की प्रत्येक चौपाई के साथ 'स्वाहा' लगाकर हवन करें। हवन के पश्चात् हनुमान चालीसा का पाठ प्रारंभ करे।

श्री हनुमान चालीसा

।। दोहा ।।

श्री गुरू चरन सरोज रज, निज मनुमुकुर सुधारि।
बरनऊँ रघुवर विमल जसु, जो दायक फल चारि।।
बुद्धिहीन तनु जानिके, सुमिरौं पवन-कुमार।
बल बुद्धि विद्या देहु मोहिं, हरहु क्लेश विकार।।

जय हनुमान ज्ञान गुन सागर। जय कपीस तिहुँ लोक उजागर।।
रामदूत अतुलित बल धामा। अंजनि पुत्र पवनसुत नामा।।
महावीर बिक्रम बजरंगी। कुमति निवार सुमति के संगी।।
कंचन बरन विराज सुवेसा। कानन कुण्डल कुंचित केसा।।
हाथ बज्र औ ध्वजा बिराजै। काँधे मूँज जनेऊ साजै।।
शंकर सुवन केसरी नन्दन। तेज प्रताप महा जग वन्दन।।
विद्यावान गुणी अति चातुर। राम काज करिबे को आतुर।।
प्रभु चरित्र सुनिबे को रसिया। राम लखन सीता मन बसिया।।
सूक्ष्म रूप धरि सियहिं दिखावा। विकट रूप धरि लंक जरावा।।
भीम रूप धरि असुर संहारे। रामचन्द्र के काज संवारे।।
लाय संजीवन लखन जियाये। श्री रघुबीर हरषि उर लाये।।
रघुपति कीन्हीं बहुत बड़ाई। तुम मम प्रिय भरतहि सम भाई।।
सहस बदन तुम्हरो यश गावै। अस कहि श्रीपति कंठ लगावैं।।

सनकादिक ब्रह्मादि मुनीसा। नारद सारद सहित अहीसा।।
जम कुबेर दिगपाल जहाँ ते। कवि कोबिद कहि सके कहाँ ते।।
तुम उपकार सुग्रीवहिं कीन्हा। राम मिलाय राजपद दीन्हा।।
तुम्हरो मन्त्र बिभीषन माना। लंकेश्वर भये सब जग जाना।।
जुग सहस्त्र जोजन पर भानू। लील्यो ताहि मधुर फल जानू।।
प्रभु मुद्रिका मेलि मुख माहीं। जलधि लांघि गए अचरज नाहीं।।
दुर्गम काज जगत के जेते। सुगम अनुग्रह तुम्हरे तेते।।
राम दुआरे तुम रखवारे। होत न आज्ञा बिनु पैसारे।।
सब सुख लहैं तुम्हारी सरना। तुम रक्षक काहू को डरना।।
आपन तेज सम्हारो आपै। तीनों लोक हाँक ते काँपै।।
भूत पिशाच निकट नहिं आवै। महाबीर जब नाम सुनावै।।
नासै रोग हरै सब पीरा। जपत निरंतर हनुमत बीरा।।
संकट ते हनुमान छुड़ावै। मन क्रम वचन ध्यान जो लावै।।
सब पर राम तपस्वी राजा। तिनके काज सकल तुम साजा।।
और मनोरथ जो कोई लावै। सोई अमित जीवन फल पावै।।
चारों जुग परताप तुम्हारा। हे परसिद्ध जगत उजियारा।।
साधु सन्त के तुम रखवारे। असुर निकंदन राम दुलारे।।
अष्ट सिद्धि नौ निधि के दाता। अस वर दीन जानकी माता।।
राम रसायन तुम्हरे पासा। सदा रहो रघुपति के दासा।।
तुम्हरे भजन राम को पावै। जनम जनम के दुख बिसरावै।।
अन्त काल रघुबर पुर जाई। जहां जन्म हरि-भक्त कहाई।।
और देवता चित्त न धरई। हनुमत सेइ सर्व सुख करई।।
संकट कटै मिटै सब पीरा। जो सुमिरै हनुमत बलबीरा।।
जय जय जय हनुमान गोसाँई। कृपा करहु गुरूदेव की नाईं।।
जो शत बार पाठ कर कोई। छूटहिं बंदि महासुख होई।।
जो यह पढ़ै हनुमान चालीसा। होय सिद्धि साखी गौरीसा।।
तुलसीदास सदा हरि चेरा। कीजे नाथ हृदय महँ डेरा।।

।। दोहा ।।

पवनतय संकट हरन, मंगल मूरति रूप।
राम लखन सीता सहित, हृदय बसहु सुर भूप।।

अथ श्री हनुमत् साठिका

महावीर हनुमान की उपासना करने की यूं तो अनेकानेक विधियां प्रचलित हैं। जिसमें '**हनुमान चालीसा**' का पाठ करना सर्वाधिक सरल और प्रबल उपाय माना जाता है। चालीसा में चालीस दोहों के अंतर्गत अराध्य देव की महिमा का गुणगान किया जाता है। '**हनुमान चालीसा**' की भांति '**हनुमान साठिका**' भी होती है। साठ अर्द्धालियों की साठिका में साठ पंक्तियों में हनुमान जी की महिमा का बखान किया गया है। अतएव इसे चालीसा से भी कई गुना शक्तिशाली माना गया है। इस '**साठिका**' का नियमित पाठ करने से समस्त कष्ट व्याधियों का निवारण हो जाता है। हनुमान जी की प्रतिमा अथवा तस्वीर के समक्ष धूपबत्ती तथा घी का दीपक जलाकर प्रतिदिन सायं '**हनुमान साठिका**' का नियमित पाठ करने वाला व्यक्ति हनुमान जी की विशेष कृपा प्राप्त करता है और अनेक सिद्धियों का स्वामी बन जाता है।

हनुमान साठिका

चौपाइयाँ

जय जय जय हनुमान अडंगी, महावीर विक्रम बजरंगी।
जय कपीश जय पवन कुमारा, जय जगबंदन शील आगारा॥
जय आदित्य अमर अविकारी, अरि मरदन जय-जय गिरधारी॥
अंजनि उदर जन्म तुम लीन्हा, जय जयकार देवतन कीन्हा॥
बाजै दुन्दुभि गगन गम्भीरा, सुर मन हर्ष असुर मन पीरा॥
कपि के डर गढ लंक सकानी, छूटि बन्दि देवतन जानी॥
ऋषि समूह निकट चलि आये, पवन तनय के पद सिर नाये॥
बार बार अस्तुति करि नाना, निर्मल नाम धरा हनुमांना॥
सकल ऋषिन मिलि अस मत ठाना, दीन बताय लाल फल खाना॥
सुनत वचन कपि मन हर्षाना, रविरथ उदय लाल फल जाना॥
रथ समेत कपि कीनि अहारा, सूर्य बिना भये अति अंधियारा॥
विनय तुम्हार करैं अकुलाना, तब कपीरा की अस्तुति ठाना॥
सकल लोक वृत्तान्त सुनावा, चतुरानन तब रवि उगलावा॥
कहा बहोरि सुनो बलशीला, रामचन्द्र करि हैं बहुलीला॥
तब तुम उन कर करव सहाई, अबहीं बराहु कानन में जाई॥
अस कहि विधि निजलोक सिधारा, मिले सखा संग पवनकुमारा॥

खेलें खेल महा तरू तोरें, ढेर करें बहु पर्वत फोरें॥
जेहि गिरिचरण देहि कपि धाई, गिरि समेत पातालहिं जाई॥
कपि सुग्रीव बालि को त्रासा, निरख रहे राम धनु आसा॥
मिले राम तहं पवन कुमारा, अति आनन्द सप्रेम दुलारा॥
मणि मुंदरी रघुपति सो पाई, सीता खोज चले सिर नाई॥
शत योजन जलनिधि विस्तारा, अगम अपार देवतन हारा॥
जिमि सर गोखुर सरिस कपीशा, लांघि गये कपि कहि जगदीशा॥
सीता चरण सीस तिन नाये, अजर अमर के आशिष पाये॥
रहे दनुज उपवन रखवारी, एक से एक महाभट भारी॥
जिन्हें मारि पुनि कहेउ कपीसा, दहेउ लंक कोप्यो भुज बीसा॥
सिया बोध दैं पुनि फिर आये, रामचंद्र के पद सिर नाये॥
मेरु उपारि आपु छिन माहीं, बांधे सेतु निमिष इक माहीं॥
लक्ष्मण शक्ति लागी जबहीं, राम बुलाय कहा पुनि तबहीं॥
भवन समेत सुखेण लै आये, तुरत सजीवन को पुनि धाये॥
मग महं कालनेमि कह मारा, अमित सुभट निशिचर संहारा॥
आनि सजीवन गिरि समेता, धरि दीन्हीं जहं कृपा निकेता॥
फनपति केर शोक हरि लीना, वर्षि सुमन सुर जय जय कीना॥
अहिरावण हरि अनुज समेता, ले गयो तहां पाताल निकेता॥
जहां रहे देवी अस्थाना, दीन चहै बलि काढि कृपाना॥
पवन तनय प्रभु कीन गुहारी, कटक समेत निशाचर मारी॥
रीछ कीशपति सबे बहोरी, राम लखन कीने इक ठोरी॥
सब देवतन की बन्दि छुड़ाये, सो कीरति मुनि नारद गाये॥
अक्षय कुमार दनुज बलवाना, सानकेतु कहं सब जग जाना॥
कुम्भकरण रावण कर भाई, ताहि निपात कीन्ह कपि राई॥
मेघनाद पर शक्ति मारा, पवन-तनय तब सों बरियारा॥
रहा तनय नारान्तक जाना, पल मंह ताहि हते हनुमाना॥
जहं लगि मान दनुज कर पावा, पवन-तनय सब मारि नसावा॥
जय मारुत-सुत जय अनुकूला, नाम कुशानु शोक सम तूला॥
जह जीवन पर संकट होई, रवि तम सम सों संकट खोई॥
बन्दि परै सुमिरै हनुमाना, संकट कटै धरै जो ध्याना॥
जाको बांध बाम पद दीन्हा, मारुत सुत व्याकुल बहु कीन्हा॥
जो भुजबल का कीन कृपाला, आछत तुम्हें मोर यह हाला॥
आरत हरन नाम हनुमाना, सादर सुरपति कीन बखाना॥
संकट रहै न एक रती को, ध्यान धरे हनुमान जती को॥

धावहु देखि दीनता मोरी, कहौं पवनसुत युगकर जोरी॥
कपिपति बेगि अनुग्रह करहू, आतुर आई दुसह दुख हरहू॥
राम शपथ में तुमहिं सुनाया, जवन गुहार लाग सिय जाया॥
पैज तुम्हार सकल जग जाना, भव-बंधन भंजन हनुमाना॥
यह बंधन कर केतिक बाता, नाम तुम्हार जगत सुख दाता॥
करौ कृपा जय जय जगस्वामी, बार अनेक नमामि नमामि॥
भौमवार कर होम विधाना, सुन नर मुनि वांछित फल पावै॥
जयति जयति जय जय जग स्वामी, समरथ पुरुष सुअन्तर जामी॥
अंजनि तनय नाम हनुमाना, सो तुलसी के प्राण, समाना॥

॥ दोहे॥

जय कपीश सुग्रीव तुम, जय अंगद हनुमान।
राम लखन सीता सहित, सदा करौ कल्यान॥
बन्दौं हनुमत नाम यह, मंगलवार प्रमाण।
ध्यान धरै नर निश्चय, पावै पद कल्याण॥
जो नित पढ़ै यह साठिका, तुलसी कहैं विचारि।
रहै न संकट ताहि को, साक्षी हैं त्रिपुरारि॥

श्री बजरंग चालीसा

हनुमान चालीसा की भांति ही बजरंग चालीसा का महत्व और प्रभाव समान रूप से प्रभावशाली होता है।

॥ दोहा॥

बजरंगी तुम्हरो नाम है, पवनपुत्र हनुमान।
कृपा कीजिए नाथ अब, दास आपुनो जान॥

अनुपम वीर अंजनी नन्दन, खल दल नाशक दुष्ट निकन्दन।
पवन-पुत्र वीर बजरंगी, सियाराम भक्तन कर संगी।
रघुनायक पावन गुण गायक, शिव अवतार जगत सुखदायक।
तन विशाल पर सिन्दुर सोहत, लाल लँगोट भक्त मन मोहत।
भाल तिलक सिर मुकुट विराजत, कानन कुण्डल जगमग शोभित।
कर विशाल अरू पिंगल लोचन, दशनकुलिश सम दुःख विमोचन।
हस्त गदा धवला गिरि धारण, ब्रह्मसूत्र पर सुभग सँवारण।
रामभक्त तनु परम विशाला, उर शुचि सीय समर्पित माला।

बज्र अंग वर-निधि बल-सागर, अजर अमर गुणज्ञान विशारद।
बाल ब्रह्मचारी बल धामा, महिमा विश्व विदित अभिरामा।
जन्मत लपकि ग्रस्यो रवि जाई, अन्धकार चहुँ दिशि जग छाई।
सुर मुनि तब बहु विनती कीन्हयो, तब प्रभु आप उगल रवि दीन्हयो।
जबहिं दुखित सुग्रवहिं जान्यो, राम मिलाये अगम सुख मान्यो।
तुहिं कपि सिन्धु लांघ गए ऐसे, छोटी-सी नाली हो जैसे।
सूक्ष्म रूप तजि जब तुम गर्जे, प्रलयकाल जनु बादल गर्जे।
सुरसा जीत सिन्ध भये पारा, मुष्टि प्रहार लकनिहिं मारा।
जाय विभीषण दर्शन दीयो, रघुपति भक्त परम हित कीयो।
सीता की सुधि लीन्ही जाकर, आयसु मांगि विपिन फल खाकर।
तरूहिं तोरि किया युद्ध अपारा, अक्षय कुमार आदि संहारा।
लूम फिराय चढ़े गढ़ लंका, तनिक नहीं लाए मन शंका।
वीरन मार रावण तड़पायो, लाह बनाकर लंक जलायो।
चूड़ामणि सीता से लीनी, हर्ष सहित रघुपति को दीनी।
पहले वैद्य फिर संजीवनी लाए, लखण जिआय राम हर्षाए।
अहिरावण प्रभु को हर लीना, जा पातल मार उसे दीना।
रामलखण निज कन्ध चढ़ायो, सब सेना के हृदय सुख छायो।
निज हिय माल तोरि बिखरायो, रोम-रोम रामहिं दिखलायो।
परथ-रथ चढ़ि विजय करायी, देवन तब दुन्दुभी बजायी।
भीम का मद चूर किया पल में, कौन जीत सके है बल में।
श्री बजरंग हनहुँ अरि तुरन्ता, गदा बज्र से धाहु हनुमन्ता।
श्री बजरंग चरित जो ध्यावत, अष्ट सिद्धि नव निधि वह पावत।
श्री हनुमते नमः जो जापत, ताहि कोई व्याधी नहीं व्यापत।
जय गिरिधर रघुपति पर किंकर, करण शमन सब रोग भयंकर।
नमो नमामि दुष्ट-ग्रह-गञ्जन, अञ्जनि नन्दन सर्व-भय भञ्जन।
जय बलवन्त भक्त जन रक्षक, भूत प्रेत दानव-दल-तक्षक।
काटहु बन्धन अलख निरंजन, अरि बल खण्डहु खलदल गंजन।
पुनि-पुनि विनवहुँ पद धर शीशा, एक तुम्हारहिं आस कपीशा।
करहु नाथ मम कष्ट विमोचन, संकट काटहु संकट मोचन।
जन दुख हरहु राम पद पायक, करहु कृपा सिय हिस सुख दायक।
उठहु वेगि अब हे! कपिराजा, चलहु करहु पूरन जन काजा।
हरहु विपति प्रभु मुझ अनाथ की, जय बोलूं बजरंग बली की।

॥ दोहा ॥

यह बजरंग चालीसा, पाठ करे धरि ध्यान।
हों पूर्ण सब कामना, बढ़े जगत में मान॥

आरती श्री हनुमान जी की

आरती कीजै हनुमान लला की। दुष्ट दलन रघुनाथ कला की॥
जाके बल से गिरिवर कांपे। रोग दोष जाके निकट न झांके।
अंजनि पुत्र महा बलदाई। सन्तन के प्रभु सदा सहाई॥१॥
दे बीरा रघुनाथ पठाए। लंका जारि सिया सुधि लाए॥
लंका सो कोट समुद्र सी खाई। जाप पवनसुत बार न लाई॥२॥
लंका जारी असुर संहारे। सियाराम जी के काज संवारे॥३॥
लक्ष्मण मूर्छित पड़े सकारे। आनि संजीवन प्राण उबारे॥४॥
पैठि पाताल तोरि जमकारे। अहिरावण की भुजा उखारे॥५॥
बाएं भुजा असुरदल मारे। दाहिने भुजा संतजन तारे॥६॥
सुर नर मुनिजन आरती उतारें। जय जय जय हनुमान उचारें॥७॥
कंचन थार कपूर लौ छाई। आरती करत अंजना माई॥८॥
जो हनुमान जी की आरती गावै। बसि बैकुण्ठ पर पद पावै॥९॥

हनुमान सिद्धि प्राप्त करने का सर्वाधिक प्रभावशाली उपाय
पारद शिवलिंग

श्री हनुमान जी इस परम गुह्य विद्या पारद साधना के योगी साधक थे और उन्होंने पारद शिवलिंग के अनन्थ प्रयोग भी किये थे।

लिंगकोटिसहस्त्रस्य यत्फलं सम्यगर्चनात्।
तत्फलं कोटिगुणितं रसलिंगार्चनाभ्दवेत॥
ब्रह्महत्या सहस्त्राणि गौहत्यायाः शतानि च।
तत्क्षणाद्विलयं यांति रसलिंगस्य दर्शनात्॥
स्पर्शनात्प्राप्यत मुक्तिरिति सत्यं शिवोदितम्।

अर्थात्–करोड़ों शिवलिंगों के पूजन से जो फल प्राप्त होता है, उससे भी कई करोड़ गुना अधिक फल रसंलिंग (पारद शिवलिंग) की पूजा और उसके दर्शन मात्र से ही प्राप्त हो जाता है। हजारों ब्रह्म हत्याओं और सैंकड़ों गौहत्याओं के पाप तो पारद शिवलिंग के दर्शन मात्र से ही दूर हो जाते हैं। पारद शिवलिंग (रसलिंग) के स्पर्श मात्र से मोक्ष प्राप्ति होती है। ऐसे सत्य वचनों को स्वयं श्री महादेव जी ने कहा है।

शिव तथा शक्ति दोनों के संयोग से ही सृष्टि का निर्माण होता है, इसी का प्रतीक शिवलिंग है। भारतवर्ष में द्वादश ज्योर्तिलिंगों का विशेष महत्त्व है। शिवलिंग की पूजा सिद्धिदायक होती है। हमारे प्राचीन ग्रन्थों, शास्त्रों तथा पुराणों में पारद शिवलिंग की पूजा को ही सर्वश्रेष्ठ बताया गया है। इस समग्र ब्रह्माण्ड में सर्वश्रेष्ठ दिव्य वस्तु के रूप में पूजित रससिद्ध पारद शिवलिंग के प्रभाव से समस्त दैहिक, दैविक और भौतिक प्रगति स्वयं सिद्ध हो जाती है। रसलिंग (पारद शिवलिंग) का नित्य पूजन और दर्शन करने से "धर्मार्थ काम मोक्षाणाम् आरोग्यं प्रदायकं"–अर्थात् धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष के साथ आरोग्यता की प्राप्ति सहज में हो जाती है।

पारद एक विशिष्ट तरलरूपी धातु है और स्वयंसिद्ध पदार्थ है। यह धातु भी है तथा द्रव्य भी है। विशिष्ट शास्त्रोक्त व तांत्रोक्त गोपनीय विधियों से अनेक संस्कार

युक्त पारद शिवलिंग का निर्माण किया जाता है। कहा गया है कि यदि पारा सिद्ध हो जाए और उसका विग्रह(पारद लिंग) बनाकर विधिवत् पूजनादि किया जावे तो संसार भर में से रोग-दोष, द्वैष तथा दरिद्रता से सहज मुक्ति प्राप्त होती है।

पारद की उत्पत्ति भोलेनाथ शंकर के वीर्य (रस) से हुई है। इस पारद की प्रशंसा में देवतुल्य मनीषियों, महर्षियों और रससिद्ध आचार्यों ने साठ से भी अधिक दुर्लभ ग्रन्थों की रचना की है। अशुद्ध और दोषी पारा विभिन्न संस्कारों द्वारा शोधित हो जाने पर दैव-सिद्धि, देह-सिद्धि और लौह-सिद्धि प्रदायक होता है। विशिष्ट विधि से संस्कारित इस अद्भुत पारद को बंधित करके जिस देवी-देवता का विग्रह बनाया जाता है। वह स्वयं सिद्ध और चमत्कारी होता है।

पारद के तांत्रोक्त बाईस संस्कार माने गये हैं किंतु प्रचलित मान्यता के अनुसार अट्ठारह संस्कार माने जाते हैं। सम्पूर्ण अट्ठारह संस्कार युक्त पारा - 'पारस' में परिवर्तित होकर लौह-सिद्ध अर्थात् लोहे को सोने में बदल देने वाला बन जाता है। किंतु आधुनिक काल में इन सम्पूर्ण अट्ठारह संस्कारों का ज्ञाता रसायन योगी कोई नजर में नहीं आया।

'रत्न समुच्चय' में पारद शिवलिंग की अपार महिमा के विषय में विषद् उल्लेख है कि पारदेश्वर विग्रह की नियमित आराधना करने से समस्त रोग-दोषादि का नाश होता है। इस ग्रन्थ के अनुसार मानव को वृद्धावस्था में रोग-रहित रखने मेंकोई भी वनस्पति या धातु समर्थ नहीं है क्योंकि सभी वस्तुएं पानी में गीली होती हैं, आग में जलती हैं, ताप से सूखती हैं। किन्तु पारद ही एकमात्र वस्तु है जो इन सबसे प्रभावित नहीं होता है। यदि पारद को विशेष प्रक्रिया से बांधकर, स्थिरिकरण प्रदान करने में सक्षम हो जाएं तो वह अमृत हो जाता है और इस बद्ध पारद के द्वारा शिवलिंग का निर्माण किया जाए तो ऐसे रससिद्ध पारदेश्वर विग्रह की आराधना करने वाले साधक को विद्या, बुद्धि, धन-सम्पत्ति, सुख-शांति, समृद्धि, ऐश्वर्य, लोकप्रियता और समस्त सिद्धियां स्वतः ही प्राप्त हो जाती है।

'रसेन्द्र चूड़ामणि' के अनुसार 'रस-रस' ऐसा कहने मात्र से ही मनुष्य समस्त पापों से मुक्त हो जाता है। विशुद्ध तथा प्रबल ऊर्जावान पारद शिवलिंग के दर्शन कर कल्याणप्रद धर्म को प्राप्त करता है। विशेष शास्त्रीय तथा तांत्रोक्त विधियों से बद्ध पारद द्वारा निर्मित पारदेश्वर विग्रह (पारद लिंग) की नियमित पूजा-अर्चना करने वाले मनुष्य के लिए इस भौतिक जगत में कुछ भी अप्राप्य नहीं है। पारद रोगों को समाप्त करने वाला तथा दरिद्रता का नाश करने वाला है तथा सांसारिक मनुष्यों को, वृद्धावस्था नष्ट करके यह नवयौवन तथा नवजीवन प्रदान करता है। इसके साथ-साथ यह अष्टसिद्धियों को भी देने वाला है।

प्राचीनतम तांत्रिक ग्रन्थों के अनुसार करोड़ों शिवलिंगों की पूजा से जो फल प्राप्त होता है, उससे भी कई करोड़ गुनाफल पारदेश्वर विग्रह (पारद शिवलिंग) की नियमित पूजा-अभिषेक और दर्शन करने मात्र से ही सहज में प्राप्त हो जाता है।

भगवान भोलेनाथ महादेव शिव शंकर के शरीर से उत्पन्न हुए इस श्रेष्ठतम वीर्य रस पारद की तुलना ब्रह्माण्ड के किसी भी पदार्थ से नहीं की जा सकती है। पारद शब्द की व्याख्या करें तो प = विष्णु, अ = कालिका, र = शिव, तथा द = ब्रह्मा के बीजाक्षर आश्चर्यजनक चमत्कारिक तथा सिद्धि प्रदायक पदार्थों में पारद शिवलिंग का विशेष महत्त्व है। रससिद्ध पारद अष्टदोषादि से मुक्त, सप्त कंचुकिरहित, निर्मल, स्निग्ध तथा कांतिवान है।

भगवान शंकर को पारा अत्यधिक प्रिय है तथा रस राज पारद भोले बाबा का शक्ति रूपी विग्रह होने के कारण ही समस्त सुरासुर तथा देवी-देवताओं के लिए अनुकरणीय एवम् वन्दनीय है। इस अद्‌भुत तथा अलौकिक शक्ति सम्पन्न पारदेश्वर विग्रह को इन समस्त चमत्कारिक तथा अद्‌भुत गुणों के कारण ही पारदलिंग को मृत्युंजय तथा अमृतेश्वर भी कहा जाता है।

पारद शिवलिंग के दर्शन एवम् पूजनादि करने से मनुष्य को अति आनन्द की अनुभूति होती है एवम् समस्त सांसारिक बाधाओं से भी मुक्ति मिल जाती है, अर्थात् यह काया (दैहिक), वाणी (वाचिक) तथा मानसिक पापों को हरने वाला है। यह दैहिक, दैविक तथा भौतिक रोगों से रक्षा करता है। यह वात, पित्त तथा कफ जनित दोषों को भी दूर रखता है। यह सुख-शांति, समृद्धि, धन-सम्पत्ति, ऐश्वर्य, यश, कीर्ति, सफलता, विद्या, ज्ञान और बुद्धि प्रदान करने वाला है। अतएव ऐसे महिमा युक्त, दिव्य तथा अद्‌भुत अलौकिक गुण सम्पन्न तथा महिमामयी रसराज, रससिद्ध भगवान पारदेश्वर (पारद शिवलिंग) के नित्य दर्शन और पूजन सर्वश्रेष्ठ है। इससे जीवन आनंदमयी, निरोगी तथा धन-धान्य से भरपूर रहेगा और मनुष्य की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

बागभट्ट के अनुसार जो मनुष्य पारदेश्वर विग्रह (पारदलिंग) की भक्ति पूर्वक पूजा-अभिषेक तथा नित्य दर्शन करता है, उसे तीनों लोकों में स्थित समस्त ज्योर्तिलिंगों एवम् शिवलिंगों के पूजन का फल मिलता है। इस अद्‌भुत तथा दिव्य पारद शिवलिंग का मात्र नित्य दर्शन करना ही महापुण्यदायी है। पारदेश्वर विग्रह के दर्शन से, सौ अश्वमेघ यज्ञ करने, करोड़ों गायों का दान करने तथा सहस्त्रों मन स्वर्णदान करने से भी अधिक फल मिलता है।

पारद शिवलिंग संसार में एक अद्वितीय, अलौकिक, अद्‌भुत, अकथनीय, अकल्पनीय, अवर्णनीय और अप्रत्याशित रूप से सहस्त्रों मन स्वर्णदान करने से भी अधिक फल मिलता है।

पारद शिवलिंग संसार में एक अद्वितीय, अलौकिक, अद्‌भुत, अकथनीय, अकल्पनीय, अवर्णनीय और अप्रत्याशित रूप से चमत्कारिक अत्यन्त दुर्लभ दिव्य वस्तु है।

इस मिथ्या संसार में बहुत कुछ है जो कि प्रयत्न करने पर मिल भी जाता है। लेकिन मंत्रसिद्ध, संस्कारित, चैतन्यवान, प्रबल ऊर्जावान तथा प्राण-प्रतिष्ठित युक्त दोष-मुक्त शुद्ध संस्कारित पारद से निर्मित पारद शिवलिंग का प्राप्त होना तो परम सौभाग्य का सूचक है।

प्रदोष व्रत काल और श्रावण मास में प्रत्येक सोमवार को प्रात: इस दिव्य पारद शिवलिंग की विशेष पूजा तथा लिंगाभिषेक करने से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। जहाँ पारदेश्वर विग्रह (पारदलिंग) है, वहां पर रिद्धि-सिद्धि, शुभ-लाभ, सुख-शांति, धन-सम्पत्ति, ऐश्वर्य, कीर्ति और स्वयं भू महालक्ष्मी का स्थायी निवास होता है। वहीं पर समस्त देवी-देवता और सिद्धियों वास होता है। यह अलौकिक पारद शिवलिंग जिस किसी भी घर, ऑफिस, दुकान, फैक्ट्री, व्यापार स्थल अथवा पूजा स्थल में स्थापित होता है और प्रतिदिन इसकी पूजा तथा अभिषेक किया जाता है, उस स्थान से अनिष्ट-आपदाएं, रोग-दोष, द्वैष-क्लेश, दरिद्रता और भूत-प्रेतादि ऊपरी बाधाएं स्वत: ही दूर रहती है। उस जगह पर किसी भी प्रकार के तांत्रिक प्रयोगों का दुष्प्रभाव कतई भी नहीं पड़ सकता है।

शताश्वमेद्येन कृतेन पुण्यं गौकोटिभी: स्वर्णसहस्प्रदानात्।
नृणां भवेत्सूतक दर्शनेन यत्सर्वतीर्थेषु कृताभिषेकात्॥

अर्थात्-जो पुण्य सौ अश्वमेघ यज्ञ करने से तथा करोड़ों गायों का दान करने से एवम् एक हजार तोला सोने का दान करने से तथा समस्त तीर्थों में स्नान करने से प्राप्त होता है। वही पुण्य पारद शिवलिंग के दर्शन मात्र से सहज में ही प्राप्त हो जाता है।

पारद शिवलिंग का पूजन सर्व कामप्रद, मोक्षप्रद तथा शिव स्वरूप बनाने वाला है। यह अद्भुत पारदलिंग समस्त पापों का नाश करके जीवों को संसार के समस्त सुख-ऐश्वर्य, वैभव तथा मोक्ष प्रदान करता है। इस अद्भुत शिवलिंग को घर, ऑफिस, दुकान, फैक्ट्री, कार्यालय, संस्थान, व्यापार स्थल अर्थात् किसी भी स्थान पर विधिपूर्वक स्थापित करके नित्य इस पारदेश्वर का दर्शन-पूजन करने से समस्त प्रकार के वास्तुदोष स्वयं ही समाप्त हो जाते हैं।

पारदयोगी महाबली लंकेश्वर रावण राज

पारदेश्वर शिवलिंग संसार का एक अद्वितीय और देवताओं की तरफ से मनुष्यों को मिला हुआ वरदान है। संत-महर्षियों ने कहा है कि सब कुछ प्राप्य है लेकिन शास्त्रोक्त विधि से सिद्ध, शोधित, संस्कारित तथा स्वर्णग्रास युक्त प्राण-प्रतिष्ठित यह स्वरूप मिलना अत्यन्त कठिन तथा सौभाग्य का ही सूचक है।

इस पारदलिंग के दर्शन मात्र से ही समस्त पापों का क्षय होकर, सौभाग्य जाग्रत होने लग जाता है। शास्त्रों के अनुसार परम प्रतापी, योगीराज महाबलशाली लंकेश्वर रावण तंत्र द्रष्टा, वैज्ञानिक, वेदपाठी, विद्वान पण्डित तो था ही, वह रससिद्धयोगी भी था और पारद शिवलिंग का निर्माता भी था। उसने इसकी पूजा-आराधना करके ही समस्त दिव्य शक्तियों तथा अकूत सम्पदा को प्राप्त किया और अपनी लंका को

स्वर्णमयी भी पारदेश्वर की कृपा से ही बना सका। इसलिए कि पारद से स्वर्ण निर्माण तब भी किया जाता है और आज भी किया जाता है।

स्वामी सच्चिदानंद के अनुसार जो भी व्यक्ति इस पारदराज की विधिपूर्वक स्थापना अपने घर, निवास, दुकान, फैक्ट्री, ऑफिस, फार्म हाऊस अथवा व्यापार स्थल में करके प्रतिदिन दर्शन-पूजन करता है, वह समस्त पापों से मुक्त होकर अनेक सिद्धियों और धन-सम्पत्ति तथा ऐश्वर्यादि प्राप्त करके सुखशांति पाता है।

आधुनिक वर्तमान मशीनी युग में भी रससिद्द तथा प्रबल चैतन्यवान पारदेश्वर शिवलिंग चमत्कारी प्रभाव लिए एक श्रेष्ठ साधना तथा आश्चर्यजनक रूप से शीघ्र सफलतादायी सहज उपाय है।

पारद शिवलिंग के अनुभूत प्रयोग

पारद शिवलिंग का महत्त्व, इसकी विशेषताओं तथा इसके प्रयोगों के विषय में यदि विस्तारपूर्वक वर्णन किया जावे तो एक विशाल ग्रन्थ तैयार हो सकता है। तथापि कुछेक अनुभूत प्रयोगों का संक्षिप्त वर्णन यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है। इन प्रयोगों को अनेकों लोगों पर सफलतापूर्वक परीक्षण करने के पश्चात् पूर्ण विश्वास के साथ यहां प्रस्तुत किया जा रहा है ताकि पाठक हमारे अनुभवों से लाभ प्राप्त कर सकें।

विवाह बाधा निवारण हेतु प्रयोग

विवाह न हो पाने अथवा विवाह में अनावश्यक विलम्ब या बाधा उत्पन्न होने की समस्या हरेक परिवार में बनी हुई है। घर में अविवाहित लड़का अथवा लड़की के विवाह बाधा निवारणार्थ मंत्रसिद्ध चैतन्य पारदलिंग को घर के पूजा-स्थल में विधिपूर्वक स्थापित करके अविवाहित जातक शीघ्र विवाह की कामना के साथ इक्कीस दिनों तक पारद शिवलिंग की पूजा-उपासना, आराधना तथा अभिषेक करते हुए श्रद्धापूर्वक साधना करे तो चमत्कारी रूप से विवाह सम्बन्ध तय हो सकता है।

तांत्रिक दोष निवारण हेतु प्रयोग

कई बार ईर्ष्यावश, लोगवश, द्वैषवश अथवा अन्य किसी भी दुर्भावनावश कोई शत्रु अथवा प्रतिद्वन्दी अभिचार-कर्म या तांत्रिक प्रयोग (टोना-टोटका) करा देते हैं, जिसके कारण जन-धन हानि, आर्थिक-मानसिक तथा शारीरिक पीड़ा और मृत्यु तुल्य कष्टों का सामना करते हुए जीवन नरक समान हो जाता है। यदि आपको लगता है कि ऐसा ही कुछ आपके साथ भी हुआ है तो आप शीघ्र ही मंत्र सिद्ध, चैतन्य, प्रबल ऊर्जावान पारद शिवलिंग को घर में स्थापित करके योग्य ब्राह्मणों से उस पर रूद्राभिषेक करवाकर नित्य पूजा-उपासना करना आरंभ कर देवें। चूंकि समस्त भूत-प्रेतादि बाधाएं तथा अवायवीय दुष्ट शक्तियां स्वयं शिव के अधीन हैं। अतएव पारदलिंग की साधना से आपके ऊपर किये गये तांत्रिक प्रयोग का दुष्प्रभाव तत्काल समाप्त हो जाएगा।

धन-सम्पत्ति, सुख-समृद्धि, ऐश्वर्य प्राप्ति हेतु प्रयोग

आधुनिक युग में मनुष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता और आकांक्षा एकमात्र धन ही है। प्रबल चैतन्यवान मंत्रसिद्ध पारदलिंग पर प्रतिदिन दुग्ध मिश्रित जल का अभिषेक करते हुए नियमित श्रद्धापूर्वक निम्नांकित मंत्र का अधिकाधिक जाप मंत्रसिद्ध रूद्राक्ष माला से करने से आर्थिक अभाव तथा दरिद्रता दूर होकर अप्रत्याशित रूप से धन का आगमन होने लग जाता है।

ॐ ह्रीं तेजसे श्रीं कामसे क्रीं पूर्णत्व सिद्धिं देहि पारदाय क्रीं श्रीं ह्रीं ॐ॥

तीनों महादेवीयों (यथा : ह्रीं = दुर्गा, श्रीं = महालक्ष्मी तथा क्रीं = कालिका) की शक्तियों तथा बीजाक्षरों से युक्त यह मंत्र स्वयं सिद्ध तथा मनोकामना सिद्धि के लिए अत्यन्त प्रभावी माना गया है।

पारद शिवलिंग की उपासना विधि

पारदेश्वर शिवलिंग की पूजन विधि सहज और सरल होने के साथ-साथ शीघ्र फलदायी भी है।

किसी भी सोमवार अथवा गुरूवार के दिन किसी पवित्र स्थान अथवा पूजा-स्थल पर पारद शिवलिंग को स्थापित करके जल, दुग्ध तथा पंचामृत से स्नानादि करवाकर पंचोपचार पूजन (गंध-पुष्प-धूप-दीपक-नैवेद्य) करके श्रद्धापूर्वक बिल्वपत्र, आक, धतूरा इत्यादि चढ़ावें तथा प्रतिदिन मंत्रसिद्ध चैतन्य रुद्राक्ष माला से निम्न मंत्र का 108 दफा जाप करने से कुछ ही दिनों में आश्चर्यजनक रूप से चमत्कारिक अनुभूति होने लगती है। मंत्र इस प्रकार से है-

ॐ ह्रौं जूं सः ॐ भू भुर्वः स्वः ॐ त्रयम्बकम् यजामहे सुगन्धिम् पुष्टिवर्धनम् उर्वारूकमिव बन्धनान मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॐ स्वः भुवः भूः ॐ सः जूं ह्रौं ॐ॥

समग्र ब्रह्माण्ड की सर्वाधिक प्रभावशाली दिव्य वस्तु पारद शिवलिंग प्रत्येक हिन्दू परिवार के लिए एक अत्यंत आवश्यक और अनिवार्य धरोहर है। हमने रससिद्ध पारद शिवलिंग के अनेकों सफल प्रयोग स्वयं भी किये तथा अन्य लोगों को भी कराकर आशानुकूल परिणाम प्राप्त किये हैं।

जो व्यक्ति जीवन में निरंतर असफलताएं प्राप्त करके निराश हो चुके हों तथा जीवन में उत्तरोत्तर प्रगति के प्रबल आकांक्षी हों तो उन्हें अपने घर, दुकान, फैक्ट्री

अथवा ऑफिस में इस अद्‌भुत, मंत्रसिद्ध, चैतन्य तथा प्रबल ऊर्जावान पारद शिवलिंग को विधिपूर्वक स्थापित करके इसका नियमित दर्शन तथा पूजनादि करके मनोवांछित लाभ अवश्य उठाना चाहिए। कलियुग में पारदेश्वर शिवलिंग से अधिक प्रभावी तथा चमत्कारी दिव्य वस्तु और कोई भी नहीं है।

- विशेष -

इस प्रकार का मंत्र सिद्ध चैतन्य प्रबल ऊर्जावान रससिद्ध पारद शिवलिंग प्राप्त करने में यदि आपको कठिनाई महसूस हो तो सीधे ही लेखक से पत्र-व्यवहार करके नियमानुसार इस रससिद्ध पारदेश्वर विग्रह को प्राप्त किया जा सकता है।

जब हनुमानजी ने पारद शिवलिंग का प्रयोग किया

श्री हनुमानजी ने नारद से कहा, "अब सावधान होकर बैठो वत्स! मैं पूजा आरम्भ करता हूँ। सामग्री रत्नमय स्वर्ण-पात्र में स्वयमेव उपस्थित होती रहेगी। तुम उपयोग करते रहना। सभी देवताओं की स्थापना के लिए अलग-अलग मंडप या आसन की आवश्यकता नहीं है। तुम एक सीधा और एक उल्टा त्रिकोण विग्रह बना दो।"

नारद जी ने झट से दो त्रिकोण बना दिये। फिर आचार्य ने एक पारद शिवलिंग का आवाहन किया। तत्काल उनकी हथेली पर दीप्तिमान पारद शिवलिंग प्रकट हो गया। वह लंवगोलाकार हरित नील स्वर्णिम आभायुक्त तथा शुभ तुषार के मूल रंग का था। उसको स्थापित करने के लिए आचार्य ने एक हिंगल (गंधक) के आसन की इच्छा की। वह भी शीघ्र उपस्थित हो गया। पारद लिंग की विशेषता यह है कि इसमें सभी देवताओं की पूजा हो जाती है, जैसे गौरी-गणेश, ब्रह्मा, विष्णु, महेश, इन्द्र, वरुण, यम, कुबेर, नवग्रह, षोडश मातृकाएँ, अष्ट वसु, द्वादश आदित्य, चन्द्र आदि। इसकी प्राण प्रतिष्ठा करने की आवश्यकता कभी नहीं पड़ती, क्योंकि इसमें महामाया छिन्नमस्ता तथा भगवान महाकाल सदा स्थिर रहते हैं।

आचार्य ने सर्वप्रथम श्री गणेशजी की, फिर एक-एक करके समस्त देवी-देवताओं की पूजा उसी पारद लिंग में यजमान से कराई। तत्पश्चात् उन्होंने भक्ति-भावपूर्वक मंत्रोच्चार आद्यशक्ति महामाया छिन्नमस्ता देवी का आह्वान किया। तत्काल आसन रूप हिंगल (गंधक) द्रवित होकर ऊपर की ओर उठा और पारद लिंग के चारों ओर लिपटता हुआ उसके ऊपर स्वयं एक ऐसा विग्रह बन गया, जिससे आभास होता था कि वह पारद लिंग को अपने में लील जाने का प्रयत्न कर रहा है।

हनुमान की कृपा प्राप्ति हेतु

सिद्ध हनुमान माला

हनुमान जी को 'मूंगे की माला' सर्वाधिक प्रिय है और यही कारण है कि हनुमत् उपासना करने वाले साधक व तांत्रिक महावीर हनुमान की कृपा प्राप्ति हेतु मूंगे की माला धारण किये हुए रहते हैं।

वर्तमान भौतिकवाद के युग में भाग-दौड़ की जिंदगी के चलते जब मनुष्य अपने इष्टदेव की विधि विधान से पूजा-उपासना करने में भी असमर्थता महसूस करता है तो किसी ऐसे सरल-सुलभ साधन की आवश्यकता महसूस होती है जिससे इष्टदेव की कृपा बनी रहे।

हमारे केन्द्र ने इन्हीं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शुद्ध व असली मूंगे के दानों से **'सिद्ध हनुमान माला'** की विधिपूर्वक निर्मित करके प्राण-प्रतिष्ठा करके अनेकों दफा सफलतापूर्वक प्रयोग किये हैं। इस सिद्ध माला को धारण करने वाले पर हनुमान जी की असीम कृपा बनी रहती है। हनुमान जी की कृपा प्राप्ति एवं सर्वकामना सिद्धि हेतु इस अद्‌भुत माला को अवश्य धारण करना चाहिए।

घर बैठे आप भी पुण्य कमाइये

क्या आप अपने पूर्वजों की विद्यारूपी अमूल्य धरोहर को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाकर अपने पूर्वजों का नाम युगों-युगों तक अमर करने के इच्छुक हैं ? यदि हां, तो इस पावन-पुनीत कार्य में हम आपको पूर्ण रूप से सहयोग करेंगे।

यदि आपके पास ज्योतिष-अंक ज्योतिष-हस्तरेखा विज्ञान-तंत्र-मंत्र-यंत्र-रत्न शास्त्र-वास्तु शास्त्र-रमल शास्त्र-सामुद्रिक शास्त्र-प्रश्न फल ज्योतिष-अंगलक्षण विद्या-मुखाकृति विज्ञान-पांव रेखा शास्त्र-मस्तक विद्या-सम्मोहन-अलौकिक साधना-महाविद्या-वशीकरण साधना-शाबर मंत्र शास्त्र-इन्द्रजाल-गण्डे-ताबीज-टोने-टोटके-स्वप्नफल विज्ञान-नाड़ी ज्योतिष-शकुन अपशकुन-बौद्ध तंत्र-जैन तंत्र-मुस्लिम तंत्र-सिक्ख तंत्र-इल्मेनजूम-काला जादू-मैस्मेरिज्म-फेंगशुई-चीनी ज्योतिष-अफ्रीकी जादू-फलित ज्योतिष इत्यादि किसी भी धर्म, मजहब तथा देश की कोई भी अलौकिक विद्या से संबंधित अनुपयोगी अथवा पुराना ग्रन्थ, मैग्जीन, पुस्तक, पाण्डुलिपि, हस्तलिखित ग्रन्थ अथवा उक्त विषयों पर आधारित अन्य कोई प्रकाशित/अप्रकाशित सामग्री जिसका आप उपयोग नहीं कर पा रहें हों तो कृपया आप उसे हमें सौंपियें। हम उसका 'सर्वजन: हिताय' सदुपयोग करेंगे।

आपकी इस पहल से अन्यानेक लाखों लोग लाभान्वित हो सकते हैं तथा जो व्यक्ति इस प्रकार के ग्रंथ स्वयं खरीद पाने में सक्षम नहीं हैं उन्हें भी इससे फायदा हो सकता है। जो ज्ञान अब तक आपके पास ग्रंथ/पुस्तकाकार रूप में निरर्थक छिपा हुआ पड़ा है, यदि आप उस सामग्री को हमें सौंपे तो हमारे माध्यम से इस ज्ञान से पूरा देश ही नहीं अपितु पूरा विश्व परिचित होकर लाभ उठा सकता है। आपके द्वारा किया गया यह विद्यादान का पुण्य अश्वमेघ यज्ञ से प्राप्त पुण्य से भी कहीं अधिक होगा। इस महादान को करके आप भी घर बैठे पुण्य कमा सकते हैं और हमारे महान उद्देश्य में अपना सार्थक योगदान दे सकते हैं।

कृप्या अपनी ग्रन्थ/पुस्तक सामग्री हमें निम्न पते पर भिजवाएं-

फ्यूचर पॉइण्ट
पोस्ट बॉक्स ❸
गंगापुर सिटी-322201 (राजस्थान)
☎ (07463) 235525

प्रमोद सागर
तंत्र-मंत्र-यंत्र विशेषज्ञ
प्रख्यात ज्योतिर्विद
फेंगशुई व पिरामिड विशेषज्ञ

घर बैठे अपनी मनपसंद पुस्तकें (डाक) V.P.P. द्वारा मंगवाएँ

1. शुद्ध जन्म पत्री कैसे बनाएँ? (डा० मान) 400से ज्यादा पेज	110.00
2. लाल किताब (अनिष्ट ग्रहों के उपायों सहित)	100.00
3. लाल किताब और चमत्कारी टोटके (उपाय हर राशि के)	85.00
4. भृगु ज्योतिष (400 पेज)	110.00
5. जन्म कुंडली द्वारा भविष्य जानिये	70.00
6. वास्तु शास्त्र (इंजि के०के०शर्मा)	100.00
7. भारतीय वास्तू शास्त्र	85.00
8. वास्तु शास्त्र तथा हम व हमारा भवन	50.00
9. हस्त रेखा शास्त्र (500 चित्रों सहित) [पराशर]	50.00
10. हस्त रेखा शास्त्र (कीरो) 192 पेज	60.00
11. हस्त रेखा ज्ञान (डा० मान) 304 पेज	100.00
12. आपके रंग, तिल व हस्ताक्षर क्या कहते हैं	50.00
13. आपकी हस्त, मस्तक व पाद रेखायें बोलती है व भाग्य खोलती है	10.00
14. संपूर्ण भाग्य दर्पण (डा० मान)	150.00
15. अंक ज्योतिष और आपका व्यवसाय (डा० मान)	85.00
16. चमत्कारी अंक ज्योतिष (डा० मान)	60.00
17. कब होगा आपका भाग्योदय (डा० मान)	150.00
18. अंक ज्योतिष	50.00
19. रत्नों के चमत्कार	50.00
20. रत्न ज्योतिष	50.00
21. स्वप्न ज्योतिषफल	50.00
22. प्रश्नफल ज्योतिष	50.00
23. राशियों द्वारा प्रेम विवाह	50.00
24. संपूर्ण मुहूर्त ज्योतिष दीपिका	50.00
25. आयु एवं भाग्य दीपिका	50.00
26. रुद्राक्ष पहनिये भाग्य बदलिये	50.00
27. चाणक्य नीति	50.00
28. मनु स्मृति	50.00
29. विदुर नीति	50.00
30. जन्मांग और वर्षफल विचार	50.00

कोई भी पुस्तक घर बैठे मंगवाने के लिए पुस्तक का पूरा मूल्य एडवांस M.O. अवश्य भेजें, बिना एडवांस पुस्तकें नहीं भेजी जाएगी।

NOV 2003 — पुस्तक मंगवाने का पता — 2212696

अमित पाकेट बुक्स, नज़दीक चौक अड्डा टांडा, जालन्धर

राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त विद्वान लेखक प्रमोद सागर रत्न ज्योतिष, तंत्र-मंत्र-यंत्र, वास्तु, फेंगशुई और गुह्यविद्या के स्थापित हस्ताक्षर हैं। पिछले अल्पसमय में ही आपने तत्संबंधी अनेकों पुस्तकें देश को दी हैं। वे प्रयोगधर्मी और अनुभववाद पर भरोसा करते हैं। हनुमान सिद्धि ऐसी ही एक पुस्तक है जिसमें अनुभव और प्रयोगों का सम्मीश्रण है। पाठकों के लिए संग्रहणीय पुस्तक है।

श्री चौक वाले बालाजी

गंगापुर सिटी (राजस्थान)

महामाया पब्लिकेशन्स

जालन्धर-दिल्ली